37 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर



वर्ष-37 अंक-63 | रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

## फर्स्ट कालम

### सरकार नीट पर संसद में चर्चा के लिए तैयार, अपनी बात से मुकरे राहुल : जितेन्द्र सिंह

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री आवास के निकट धरने पर बैठे कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी से बातचीत के बाद नीट और उससे संबंधित आंदोलन के सभी विषयों पर संसद में चर्चा के लिए तैयार है लेकिन श्री गांधी दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से अपनी बात से मुकर गये हैं तथा उन्होंने अब धरना समाप्त करने के लिए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग भी जोड़ दी है। श्री गांधी मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा कुछ अन्य नेताओं के साथ प्रधानमंत्री आवास की ओर बढ़े और वहीं आवास के करीब अचानक धरने पर बैठ गये । यह देखते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह उनसे मिलने गये और श्री गांधी से बातचीत की। उनके साथ केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन भी थे। इसके बाद श्री सिंह ने सरकार के शीर्ष नेतृत्व से बातचीत की और श्री गांधी को जानकारी दी कि सरकार उनकी मांग पर नीट तथा उससे जुड़े मुद्दों पर संसद में चर्चा कराने को तैयार है।

### किसानों का दिल्ली कूच स्थगित दो मांगों पर सहमति बनी

**अंबाला/कुरुक्षेत्र/सोनीपत।** अमेरिका-भारत फ्री ट्रेड डील के विरोध में पंजाब और हरियाणा के किसानों ने मंगलवार का प्रस्तावित दिल्ली कूच और किसान घाट महापंचायत फिलहाल स्थगित कर दी। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पुलिस की सख्ती तथा हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के साथ हुई बैठक के बाद किसान लौट गए, जिससे दोनों बॉर्डरों पर ट्रैफिक भी सामान्य हो गया। कुरुक्षेत्र पुलिस ने किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी समेत हिरासत में लिए गए नेताओं को रिहा कर दिया।

### मुजफ्फरनगर में एक ही समुदाय के दो गुटों के बीच हिंसक झड़प

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के मीरापुर थानाक्षेत्र के संभलहेड़ा गांव में एक ही समुदाय के दो गुटों के बीच झड़प में पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) ऋषिका सिंह ने बताया कि सोमवार शाम झड़प में घायल हो गये शहज़ाद और हुमायूं एवं अन्य लोग अस्पताल में भर्ती कराये गये हैं। उन्होंने बताया कि झड़प की सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और उसने स्थिति को नियंत्रण में किया। सीओ ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच चल रही है।

### उत्तराखंड में भारी बारिश और भूस्खलन के बाद दोबारा शुरू हुई चारधाम यात्रा

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन की वजह से एहतियात के तौर पर अस्थायी रूप से रोकी गई प्रसिद्ध चारधाम यात्रा मंगलवार को एक बार फिर शुरू हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को इस यात्रा को स्थगित किया गया था, लेकिन यात्रा मार्गों की आवश्यक समीक्षा और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेने के बाद इसे पुनः सुचारु रूप से संचालित करने का फैसला लिया गया। गढ़वाल के आयुक्त आनंद स्वरूप ने जानकारी दी कि चारधाम यात्रा को पूरी तरह सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए यात्रा से जुड़े सभी जिलों के प्रशासन, पुलिस, राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) और अन्य संबंधित विभागों के बीच आपसी तालमेल बनाकर काम किया जा रहा है।

### हूती विद्रोहियों की धमकी भारत-चीन के टैंकरों ने रास्ता बदला

**तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** सऊदी अरब का कच्चा तेल लेकर भारत और चीन जा रहे दो तेल टैंकरों ने मंगलवार को रेड सी (लाल सागर) में यू-टर्न लेकर अपना रास्ता बदल लिया। दोनों जहाज बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों की धमकी के बाद वापस स्वेज नहर की ओर मुड़ गए। दरअसल, हूती विद्रोहियों ने सोमवार को सऊदी अरब के खिलाफ नौसैनिक नाकेबंदी का ऐलान किया था। इसके बाद उन्होंने दुनियाभर की शिपिंग कंपनियों को ईमेल भेजकर चेतावनी दी कि सऊदी अरब के किसी भी बंदरगाह पर माल लादने या उतारने वाले जहाजों को उनकी सैन्य पहुंच के भीतर कहीं भी निशाना बनाया जा सकता है।

# धरने पर बैठे राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार



### पीएम आवास के बाहर प्रदर्शन के बाद एक्शन, प्रियंका भी हिरासत में, सोनिया थाने पहुंचीं

**नई दिल्ली (ए)।** पीएम आवास के पास मंगलवार दोपहर साढ़े तीन बजे धरने पर बैठे कांग्रेसियों को पुलिस शाम साढ़े 6 बजे उठाकर ले गई। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव समेत कई नेता को हिरासत में ले लिया है। प्रियंका को मंदिर मार्ग थाने ले जाया गया है। उनसे मिलने के लिए सोनिया गांधी पहुंची हैं। राहुल को छत्रपाल स्टेडियम में रखा गया है।

सरकार ने 3 घंटे के धरने में राहुल से 2 बार बातचीत की, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद 100 से ज्यादा पुलिसकर्मी पहुंचे तो कांग्रेसियों ने घेरा बना लिया और राहुल तक पहुंचने नहीं दिया। कांग्रेसियों और पुलिस के बीच आधे घंटे तक धक्का-मुक्की होती रही। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। आखिर में 12 से ज्यादा पुलिसकर्मी उन्हें उठाकर ले गए और बस में बैठाया। तीन घंटे से अधिक समय तक चले एक नाटकीय घटना क्रम में श्री गांधी को हिरासत में लिये जाने से पहले प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह ने धरना स्थल पर जा कर उनसे धरना समाप्त करने के बारे में बातचीत की थी। इसके कुछ ही देर बाद पुलिस श्री गांधी तथा उनके साथ धरने में शामिल हुए समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को वहां से हटा कर पुलिस वाहन में अन्यत्र ले गयी। इस दौरान श्री गांधी ने उन्हें हटाये जाने का प्रतिरोध किया तो पुलिसकर्मी उन्हें उठा कर वाहन तक ले गये। कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा तथा पार्टी के अन्य नेताओं को भी पुलिस वहां से हटा कर अपने वाहनों में ले गई।

### प्रधानमंत्री अब बच नहीं सकते : राहुल

राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि छात्रों पर हमला हर भारतीय परिवार पर हमला है। प्रधानमंत्री मोदी को लगता है कि वो बिना जवाब दिए, बिना किसी नतीजे का सामना किए बच निकलेंगे। नहीं कर पाएंगे, इस बार तो बिल्कुल नहीं। मैं हर उस देश भक्त भारतीय से अपील करता हूं, जो मानता है कि हमारे छात्रों को न्याय मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास के सामने हमारे धरने में शामिल हों। भारत के छात्रों की आवाज को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।'

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने छात्रों के मुद्दे पर संसद में चर्चा नहीं कराए जाने को अनुचित बताते हुए कहा है कि उन्होंने इस बारे में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से चर्चा कराने की मांग की लेकिन उन्हें बताया गया कि इसके लिए सरकार से अनुमति लेनी होगी।श्री गांधी ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि छात्रों के भविष्य से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

### संसद में रणनीति पर विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक

**नई दिल्ली (ए)।** संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले मंगलवार को संसद भवन परिसर में कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक हुई, जिसमें सदन के भीतर सरकार को घेरने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल, महासचिव जयराम रमेश, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रमोद तिवारी, गौरव गोगोई तथा इमरान प्रतापगढ़ी सहित कई नेता शामिल हुए।

#### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजग सांसदों के साथ 'मंगल मिलन' कार्यक्रम को संबोधित किया

# पेपर लीक मामले में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता सबकी साझा जिम्मेदारी : मोदी

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा प्रश्न-पत्रों के लीक होने की घटनाओं को राष्ट्रीय चिंता का विषय बताते हुए मंगलवार को कहा कि हाल में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) में सामने आये प्रश्न-पत्र लीक के ममले में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



श्री मोदी ने परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र होने की घटनाओं को राष्ट्रीय चिंता का विषय बताया और कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पवित्रता और विश्वसनीयता बनाए रखना सभी की साझा जिम्मेदारी है, जिसके लिए त्वरित और समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। श्री मोदी संसद के मानसून सत्र के दौरान मंगलवार को सुबह सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सांसदों के साथ 'मंगल मिलन' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।प्रधानमंत्री ने यह बात ऐसे समय कही है जबकि प्रश्न-पत्र लीक होने के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के चलते मानसून सत्र में पहले दो दिन कोई काम काज नहीं हो सका। इस मुद्दे पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार को राजधानी में एक जोरदार विरोध प्रदर्शन भी आयोजित किया गया था। संसद भवन की ओर बढ़ रहे प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए पुलिस बलों ने लाठी-चार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। इस दौरान झड़पों में कई प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हो गये।

राजग सांसदों की बैठक में प्रधानमंत्री के संबोधन की जानकारी संवादाताओं को संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने दी। श्री रिजिजू के अनुसार प्रधानमंत्री ने बैठक में इस बात का उल्लेख किया कि पेपर लीक सामने आने के तुरंत बाद सरकार ने तेजी से कदम उठाए, तेरह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए शीघ्र पुनः परीक्षा आयोजित की गई।

श्री रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने दोषियों को सबसे कड़ी सजा देने पर जोर दिया है और कहा है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकना देश के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पूरी तरह सुरक्षित और त्रुटिरहित परीक्षा प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सरकार का कहना है कि उसका उद्देश्य छात्रों के सपनों की रक्षा करना, परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और राष्ट्रीय संस्थाओं पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत करना है।

### विपक्ष के भारी हंगामे के कारण लोक सभा की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित

**नई दिल्ली (ए)।** लोकसभा में मंगलवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक और अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा जारी रखा जिससे सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। इसी मुद्दे पर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण पूर्वाह्न 11 बजे कार्यवाही स्थगित किये जाने के बाद दोपहर 12 बजे जैसे ही सदन समवेत हुआ, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), द्रमुक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(शरद पवार) और अन्य विपक्षी दलों के सदस्य जोरदार हंगामा करने लगे और सदन के बीचोबीच आ गये। सपा के कई सदस्य काले रंग के बड़े-बड़े बैनर लिये थे जबकि द्रमुक के सदस्यों ने हरे रंग के बैनर ले रखे थे। कई विपक्षी सदस्य तख्तियां लिये थे। पीठासीन संध्या राय ने हंगामे के बीच ही विधायी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये। इसके बाद उन्होंने हंगामा कर रहे और नारे लगा रहे विपक्षी सदस्यों से कहा कि वे अपने-अपने स्थानों पर जायें, सदन की कार्यवाही चलने दें।

### विपक्ष के हंगामे के कारण राज्यसभा में नहीं हो सका प्रश्नकाल

**नई दिल्ली (ए)।** विपक्ष के हंगामे के कारण राज्यसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल नहीं हो सका और कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई विपक्षी सदस्यों ने कुछ मुद्दे उठाने की कोशिश की। इस पर सभापति सी.पी. राधाकृष्णन के कहा कि वह बाद में उन्हें अपनी बात रखने का मौका देंगे। विपक्ष के शोर-शराबे की बीच ही सभापति की अनुमति से राज्यसभा के महासचिव ने लोकसभा से आया संदेश पढ़ा। इसके बाद श्री राधाकृष्णन ने सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सदन में शून्यकाल भी नहीं हो सका था। विपक्ष ने नीट यूजी पेपर लीक का विरोध और शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे छात्रों तथा अन्य प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज का मुद्दा उठाने की कोशिश की। सभापति ने विधायी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने का मौका दिया।



### वांगचुक के स्वास्थ्य मानक स्थिर : मेडिकल बुलेटिन

**नई दिल्ली (ए)।** सफ्दरजंग अस्पताल में भर्ती सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के ज़रूरी स्वास्थ्य मानक फिलहाल स्थिर हैं, लेकिन लंबे समय तक उपवास के कारण उन्हें डिहाइड्रेशन, कम ब्लड शुगर और पोटेशियम का स्तर कम होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार मेडिकल सलाह के बावजूद वे अभी भी नसों के ज़रिए तरल पदार्थ लेने से इनकार कर रहे हैं लेकिन उन्हें ओआरएस और पोटैशियम की पूरक खुराक दी जा रही है। वह दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल में कड़ी मेडिकल निगरानी में हैं।

# जंतर-मंतर पहुंचे विपक्षी नेता, छात्रों के आंदोलन को दिया समर्थन

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग और छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में जंतर-मंतर पर जारी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजीपी) के आंदोलन को मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी -एसपी और शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं का समर्थन मिला।



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने जंतर-मंतर पहुंचकर उन घायल छात्र-युवा प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की, जो पुलिस कार्रवाई में चोटिल होने के बावजूद आंदोलन जारी रखने के लिए वापस धरनास्थल पर पहुंचे थे। श्री केजरीवाल ने कहा कि इन युवाओं का संकल्प इस सरकार के खिलाफ उनके संघर्ष को दर्शाता है और कठिन समय में युवाओं के साथ खड़ा होना आवश्यक है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सांसद शरद पवार ने भी जंतर-मंतर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों का हालचाल जाना। उन्होंने रविवार को दिल्ली पुलिस द्वारा की गयी कथित बल प्रयोग की घटना के बाद आंदोलनकारी छात्रों से मुलाकात कर उनका समर्थन किया। इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत और अरविंद सावंत ने भी जंतर-मंतर पहुंचकर छात्रों के आंदोलन में भाग लिया। उन्होंने कथित परीक्षा घोटालों और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई की आलोचना करते हुए छात्रों के आंदोलन के प्रति एकजुटता व्यक्त की।

# सिक्किम की निर्माणाधीन टनल पर लैंडस्लाइड, 10 मजदूरों की मौत

### 17 अब भी फंसे, मलबे से सुरंग बंद, रेस्क्यू करने गए कुछ वर्कर बेहोश

**गंगटोक (ए)।** सिक्किम में सोमवार को एक टनल पर लैंडस्लाइड होने से उसका एंट्री गेट बंद हो गया, जिससे अंदर मौजूद 27 मजदूर फंस गए। इनमें से 10 की मौत हो गई। मृतकों में 3 की पहचान अभी नहीं हो पाई है, जबकि 17 मजदूर अब भी फंसे हैं।



नामची जिले के मामरिंग स्थित समरदुंग सुरंग में निर्माण कार्य चल रहा था। एसपी सोनम डोल्मा ने बताया कि फंसे हुए मजदूरों की संख्या 27 से कम या ज्यादा भी हो सकती है।सुरंग में मीथेन गैस लीक होने की आशंका है। कई बचावकर्मियों को अंदर जाने के दौरान चक्कर आए। कुछ बेहोश भी हो गए, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ।

**बंगाल से स्पेशल रेस्क्यू टीम लाई गई :** जिला अधिकारी तमलिंग ने बताया कि दोपहर करीब 3:40 बजे प्रशासन को हादसे की खबर मिली। इसके बाद एनडीआरएफ एसडीआरएफ जिला पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं।

### सीजेपी प्रदर्शन के दौरान 118 पुलिसकर्मी घायल

**नई दिल्ली (ए)।** राष्ट्रीय राजधानी में 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के प्रदर्शन के दौरान कई वरिष्ठ अधिकारियों सहित 118 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। दिल्ली पुलिस की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, सोमवार को झड़पों के दौरान



प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया, पुलिसकर्मियों पर हमला किया, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाया और 15 से 20 सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ की।पुलिस ने बताया कि घटना में करीब 60 प्रदर्शनकारी भी घायल हुए हैं, जबकि कुछ घायल पुलिसकर्मियों की चिकित्सा जांच अभी जारी है।

# मप्र-राजस्थान में मानसून फिर एक्टिव हिमाचल में अब तक 66 लोगों की मौत

### गुवाहाटी में लैंडस्लाइड, असम में 1.7 लाख लोग प्रभावित

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर (ए)।** जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश से हालात गंभीर बने हुए हैं। पिछले दो दिनों में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है। पुंछ और राजौरी के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सात लोग अब भी लापता हैं। लगातार बारिश के कारण राहत और बचाव अभियान प्रभावित हुआ।



हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश से मंगलवार को जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। राज्य में अब तक 66 लोगों की मौत हो चुकी है। 145 सड़कें बंद हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने कांगड़ा, चंबा और सिरमौर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। सोमवार को भारी बारिश के बाद असम के गुवाहाटी में लैंडस्लाइड हुई।

## ईंधन संकट » क्या भारत में फिर बढ़ेगी महंगाई और जेब पर पड़ेगा बोझ

# पश्चिम एशिया में युद्ध की आहट से सहमी दुनिया!

**नई दिल्ली (ए)।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच टूटा शांति का समझौता व दोबारा भड़की युद्ध की चिंगारी ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर गहरी अनिश्चितता में डाल दिया है। जून में बनी सीजफायर की सहमति जुलाई आते-आते पूरी तरह बिखर चुकी है और 'स्ट्रेट ऑफहोर्मुज' से गुजरने वाले ऊर्जा गलियारे पर संकट के काले बादल फिर छा गए हैं। ईरान पर अमेरिका की नई सैन्य कार्रवाइयों और बदलने में ईरान का खाड़ी के अलग-अलग खाड़ी देशों पर पलटवार ने कच्चे तेल की कीमतों को एक बार फिर 90 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास पहुंचा दिया है।

दोबारा शुरू हुआ यह भू-राजनीतिक उथल-पुथल भारत के लिए किसी बड़े आर्थिक झटके से कम नहीं है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85त्न कच्चा तेल आयात करता है और इस आयात का एक बड़ा हिस्सा रणनीतिक रूप से संवेदनशील 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' से होकर गुजरता है। और




जब-जब पश?चिम एशिया में कोई सैन्य तनाव बढ़ता है, भारत की विकास दर, उर्जा सुरक्षा, मुद्रास्फीति, घरेलू मुद्रा और आम नागरिक की जेब पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

**महंगा तेल बढ़ाएगा सीएडी, अर्थव्यवस्था पर बढ़ेगा दबाव :** पश्चिम एशिया का यह संकट भारत के वृहद-आर्थिक संतुलन को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रहा है। ब्रोकरेज फर्मों और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक एजेंसियों के आकलन के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में प्रति 10 डॉलर प्रति बैरल की बढ़ोतरी भारत के चालू खाता घाटे को लगभग 0.3 से 0.5 प्रतिशत तक बढ़ा देती है।

पटना कॉलेज, पटना के पूर्व प्राचार्य और अर्थशास्त्री प्रो. एन के चौधरी इसपर कहते हैं, ÷यदि कच्चे तेल की दरें लंबे समय तक 90 डॉलर प्रति बैरल या फिर इससे ऊपर बनी रहती हैं, तो भारत के चालू खाता घाटे में भारी उछाल आएगा। भारत को तेल आयात बिल चुकाने के लिए बाजार से और अधिक अमेरिकी डॉलर खरीदने पड़ेंगे, जिससे डॉलर की मांग तेजी से बढ़ जाएगी। इसका सीधा असर भारतीय रुपए की विनिमय दर पर देखने को मिल रहा है। भारतीय रुपए पर पहले से ही लगातार दबाव बना हुआ है और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96 से 97 के बीच निचले स्तरों के पास कारोबार कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### निजी क्षेत्र के 500 से अधिक पदों पर भर्ती के लिए आज जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

**कवर्धा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 22 जुलाई 2026 बुधवार को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर, काली माता मंदिर के पास, ठाकुर पारा, कवर्धा में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में विभिन्न सेक्टरों में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 500 से अधिक पदों (तकनीकी, गैर तकनीकी) में भर्ती की जानी है। उक्त रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक आवेदकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं से स्नातक व तकनीकी योग्यता, आयु न्यूनतम 18 वर्ष, वेतन 7,000 से 50,000 है। रिक्तियों की विस्तृत जानकारी के लिए विभाग की वेबपोर्टल में जाकर रोजगार मेला का अवलोकन कर सकते है। इच्छुक आवदेकों को रोजगार मेला में सम्मिलित होने के पूर्व रोजगार पंजीयन तथा रोजगार मेला पोर्टल पर पंजीयन करना अनिवार्य है। पंजीयन उपरान्त रोजगार मेला 22 जुलाई 2026 को अपने समस्त प्रमाण पत्रों मय छायाप्रतियों सहित उपस्थित होकर साक्षात्कार दे सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम के दूरभाष क्रमांक 07741-299344 से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

### आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश के तृतीय एवं अंतिम चरण की समय-सारिणी जारी

**कवर्धा।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई) के क्रियान्वयन के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए तृतीय एवं अंतिम चरण की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। प्रवेश प्रक्रिया आरटीई पोर्टल के माध्यम से पूर्णतः ऑनलाइन संपन्न होगी। जिला शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 जुलाई से 21 जुलाई 2026 तक जिला स्तर पर विद्यालयवार आरटीई की रिक्त सीटों की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। 22 जुलाई से 05 अगस्त 2026 तक पात्र अभिभावक आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पूर्व में किए गए आवेदनों में आवश्यक संशोधन भी इसी अवधि में किया जा सकेगा। इसके बाद 25 जुलाई से 07 अगस्त 2026 तक नोडल प्राचार्यों द्वारा प्राप्त आवेदनों का सूक्ष्म परीक्षण एवं सत्यापन कर पात्र एवं अपात्र आवेदनों की प्रविष्टि पोर्टल पर की जाएगी। 10 अगस्त से 14 अगस्त 2026 के बीच ऑनलाइन लॉटरी एवं काउंसलिंग के माध्यम से चयनित बच्चों की सूची (आवंटन) जारी की जाएगी। लॉटरी में चयनित बच्चों का संबंधित निजी विद्यालयों में प्रवेश 17 अगस्त से 25 अगस्त 2026 तक सुनिश्चित कराया जाएगा। वहीं 20 अगस्त से 27 अगस्त 2026 तक नोडल प्राचार्य प्रवेशित विद्यार्थियों की अंतिम प्रविष्टि (एंट्री) आरटीई पोर्टल पर दर्ज करेंगे।

### कबीरधाम जिले में 240.6 मिलीमीटर औसत वर्षा

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में एक जून से आज तक 240.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 241.5 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 179.7 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 227.3 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 182.6 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 197.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 163.5 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 382.6 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 350.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 21 जुलाई की स्थिति में पिछले 24 घंटे में जिले में 11.8 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 28.5 मिलीमीटर, पंडरिया तहसील में 1.0 मिलीमीटर, बोड़ला तहसील में 13.3 मिलीमीटर, सहसपुर लोहारा तहसील में 8.2 मिलीमीटर, रेंगाखार तहसील में 29.0 मिलीमीटर, कुण्डा तहसील में 1.0 मिलीमीटर, पिपरिया तहसील में 7.7 मिलीमीटर और कुकदूर तहसील में 6.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### बेमेतरा में 15 बिस्तरों वाले नशामुक्ति केंद्र के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**बेमेतरा।** समाज कल्याण विभाग, जिला बेमेतरा ने नशा पीड़ितों के लिए 15 बिस्तरों वाले एकीकृत पुनर्वास केंद्र (नशामुक्ति केंद्र) के संचालन हेतु समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त इच्छुक स्वैच्छिक संस्थाओं/फर्मों से रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की है। आवेदक संस्था के लिए विभागीय मान्यता, आवासीय संस्थाओं के संचालन का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव, पिछले तीन वर्षों की सीए ऑडिट रिपोर्ट, पर्याप्त भवन, प्रशिक्षित स्टाफ तथा आवश्यक पंजीयन एवं दस्तावेज होना अनिवार्य है। किराये के भवन की स्थिति में किरायानामा एवं भवन के फोटोग्राफ भी संलग्न करने होंगे।

# जिले की हर पात्र बालिका को मिले एचपीवी टीके का लाभ, बढ़ाएं टीकाकरण की गति : कलेक्टर

### रेडक्रॉस में सदस्यता बढ़ाने, निर्माण कार्यों में पूर्णता तिथि के अनुसार मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्ट्रेट में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम काज के प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर श्री वर्मा ने 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को बच्चादानी कैंसर से बचाव के लिए लगाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि शासन से मिले लक्ष्य के अनुसार जल्द से जल्द जिले में सभी पात्र बालिकाओं के टीकाकरण का कार्य पूर्ण किया जाये। उन्होंने शिक्षा और ट्राइबल विभाग को इसके लिए विशेष रूप से उनकी संस्थाओं में प्रवेशित बालिकाओं के पालकों को जागरूक करते हुए आवश्यक सहमति प्राप्त करने और टीकाकरण में सहयोग के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यह बालिकाओं के भविष्य को जानलेवा कैंसर जैसी बीमारी से सुरक्षित करने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। शासन द्वारा निःशुल्क यह टीका उपलब्ध कराया जा रहा है अतः इसका लाभ जिले की हर पात्र बालिका को मिलना चाहिए।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को टीकाकरण अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रोग्रेस रिपोर्ट देने के लिए कहा। कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में पीएम आवास और जनमन के तहत चल रहे आंगनबाड़ी सहित अन्य निर्माण कार्यों की विकासखंड वार समीक्षा की। उन्होंने प्रगतिरत निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए सभी को तय टाइमलाइन में पूरा करवाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने विभागों में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की बारी बारी समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसीज से कहा कि प्रगति के साथ ही निर्माण कार्य पूर्णता की जानकारी का उल्लेख रिपोर्ट में अवश्य करें। जिससे कार्यों की टाइमलाइन निर्धारित करते हुए कार्य पूर्णता पर फोकस किया जा सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री वर्मा ने रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभता और जरूरतमंदों की मदद के कार्य किये जाते हैं। सदस्यता शुल्क के माध्यम से जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने में सहायता मिलती है, व लोगों तक सहयोग पहुंचाना आसान हो जाता है। उन्होंने स्कूली बच्चों के आय, जाति निवास प्रमाण पत्र निर्माण के बारे में जानकारी लेते हुए जिला शिक्षाधिकारी को राजस्व अधिकारियों से समन्वय कर प्रमाण पत्र जारी करवा कर वितरित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने बैठक में कृषि विभाग, जल जीवन मिशन, लोक निर्माण विभाग, अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के संचालन, सीएम हेल्पलाइन के प्राप्त आवेदनों के निराकरण, सेवा सेतु क्रियान्वयन जैसे विषयों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री नरेंद्र पैंकरा, सभी एसडीएम सहित अन्य विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास: धीरज बाकलीवाल

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने दिल्ली में छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए इसे केंद्र सरकार की दमनकारी नीति और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है।



उन्होंने कहा कि छात्रों की शांतिपूर्ण आवाज को बलपूर्वक दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। धीरज बाकलीवाल ने जारी बयान में कहा कि नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उनका आरोप है कि परीक्षा में हुई अनियमितताओं के बावजूद केंद्र सरकार जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि छात्र दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और संबंधित केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र अपनी मांगों को लेकर जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। उनके अनुसार, आंदोलन का समर्थन करने पहुंचे शिक्षाविद् एवं जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को भी नजरबंद किया गया। इसके बाद जब छात्र संसद की ओर शांतिपूर्ण मार्च कर रहे थे, तब दिल्ली पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। बाकलीवाल ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई में महिलाएं, बुजुर्ग और अन्य प्रदर्शनकारी भी प्रभावित हुए, जिसकी कांग्रेस कड़ी निंदा करती है। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार छात्रों की आवाज उठाते रहे हैं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा युवाओं के हितों की रक्षा के लिए उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है। छात्रों पर बल प्रयोग कर केंद्र सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है।

# लगातार बारिश में भी डटे रहे अतिथि शिक्षक सेवा सदन के सामने सड़क पर धरना

### शिक्षा सचिव से वार्ता के बाद आंदोलन फिलहाल स्थगित

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत अतिथि शिक्षकों ने मंगलवार को आंदोलन को और तेज करते हुए शिक्षा मंत्री के सेवा सदन कार्यालय का घेराव किया। बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष अतिथि शिक्षक रैली निकालकर सेवा सदन पहुंचे और कार्यालय के सामने सड़क पर धरने पर बैठ गए। लगातार हो रही बारिश के बावजूद आंदोलनकारी पूरी रात सड़क पर डटे रहे। कई शिक्षक अपने छोटे बच्चों के साथ धरने में शामिल हुए।

धरना स्थल पर अतिथि शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि वर्षों से वे अपनी समस्याओं को शासन के समक्ष रखते आ रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि अब उनकी लड़ाई निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है और या तो नियमीकरण होगा या फिर नौकरी से इस्तीफा देंगे। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि वे नियमित शिक्षकों की तरह ही विद्यालयों में पढ़ाने का कार्य करते हैं, लेकिन उन्हें केवल 20 हजार रुपये मानदेय दिया जाता है, जबकि नियमित शिक्षकों का वेतन 40 से 50 हजार रुपये तक है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान दो माह का मानदेय भी नहीं मिलता, जिससे आर्थिक संकट और बढ़ जाता है। दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं देने के बावजूद उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है। मंगलवार सुबह से हो रही तेज बारिश भी आंदोलनकारियों का हौसला नहीं डिगा सकी। बारिश के बीच भी शिक्षक सेवा सदन के सामने डटे रहे। बाद में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आंदोलनकारियों से चर्चा की और बताया कि उनके प्रतिनिधिमंडल की रायपुर में शिक्षा सचिव के साथ बैठक तय कर दी गई है। प्रशासन के आग्रह पर अतिथि शिक्षकों ने प्रतिनिधिमंडल को रायपुर भेजने का निर्णय लिया और सेवा सदन के सामने चल रहा धरना फिलहाल स्थगित कर दिया। हालांकि उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि यदि शिक्षा सचिव के साथ होने वाली बैठक में उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन पहले से अधिक उग्र रूप में फिर शुरू किया जाएगा। अब अतिथि शिक्षकों की मांगों को लेकर रायपुर में होने वाली शिक्षा सचिव के साथ बैठक पर सभी की निगाहें टिकी हैं। बैठक के परिणाम के आधार पर आंदोलन की आगामी रणनीति तय की जाएगी।

# ग्राम खेरधा में प्रस्तावित बायो गैस/सीएनजी प्लांट का ग्रामीणों ने किया विरोध

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** ग्राम पंचायत खेरधा में प्रस्तावित बायो गैस/सीएनजी प्लांट के निर्माण के विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों ने जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने जनभावनाओं, पर्यावरणीय प्रभाव और चरागाह भूमि की सुरक्षा का हवाला देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग भी की।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि जिस भूमि पर प्लांट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, उसका उपयोग वर्षों से ग्रामीणों एवं आसपास के गांवों के पशुओं के लिए चरागाह के रूप में किया जाता रहा है। उनका कहना है कि यहां प्लांट बनने से पशुपालकों के सामने चारे का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा और पारंपरिक चराई व्यवस्था प्रभावित होगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूरी प्रक्रिया के दौरान ग्राम सभा और ग्राम पंचायत द्वारा दर्ज कराई गई आपत्तियों को तहसीलदार द्वारा खारिज कर दिया गया, जो उनके अनुसार पेसा अधिनियम तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की भावना के विपरीत है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि प्रस्तावित प्लांट के संचालन से दुर्गंध, प्रदूषण, भूजल पर प्रतिकूल प्रभाव और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी आपत्तियों एवं सुझावों का समुचित निराकरण किए बिना निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है, जो जनहित के विरुद्ध है।इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसानों, ग्रामीणों और आम जनता के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ग्रामीणों की जायज मांगों की अनदेखी करता है तो कांग्रेस ग्रामीणों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करेगी। उन्होंने मांग की कि सभी आपत्तियों के निराकरण और ग्रामीणों की सहमति मिलने तक निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए।

# मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना बनी छात्राओं के सपनों की सवारी

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम जामगांव (एम) में आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव वर्ष 2026-27 छात्राओं के लिए यादगार पल बन गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिलें वितरित कीं। जैसे ही छात्राओं ने मुख्यमंत्री के हाथों साइकिल प्राप्त की, उनके चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलकने लगा। योजना से लाभान्वित छात्राओं हर्षिका देवांगन, संध्या पटेल, मेनका सेन और विहारिका देवांगन ने बताया कि अब तक उन्हें विद्यालय आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। घर से स्कूल की दूरी अधिक होने के कारण प्रतिदिन पैदल चलना पड़ता था। विशेषकर बारिश के मौसम में रास्ते की परेशानी और भी बढ़ जाती थी। कई बार भीगकर स्कूल पहुंचना पड़ता था, जिससे उनकी कॉपी-किताबें भी खराब हो जाती थीं। छात्राओं ने बताया कि मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल मिलने से उनकी सबसे बड़ी चिंता दूर हो गई है। अब वे समय पर, सुरक्षित और बिना किसी परेशानी के विद्यालय पहुंच सकेंगी। इससे न केवल उनकी पढ़ाई नियमित होगी, बल्कि समय की भी बचत होगी और वे पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भी अधिक भाग ले सकेंगी। छात्राओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि उनके बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का एक मजबूत माध्यम है।



# खरीफ फसलों के बीज की वैकल्पित उपलब्धता रखें: संभाग आयुक्त

### स्कूल-कालेजों में नशा-मुक्ति अभियान चलाया जाएं

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने आज क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान रूआबांधा (दुर्ग) के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में विभागीय समय-सीमा प्रकरणों और काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने मानसून की सक्रियता को ध्यान में रखते हुए संभाग के जिलों में खरीफ फसल बीज की उपलब्धता की जानकारी ली।

संभाग आयुक्त ने कहा कि किसानों द्वारा बोये गये खरीफ बीज अंकुरण नहीं होने की स्थिति में वैकल्पित बीज की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए, साथ ही किसानों को दोबारा बोनी के लिए शीघ्र बीज उपलब्ध करायी जाए। बीज निगम के प्रबंधक ने बताया कि दुर्ग जिले में कृषि विभाग द्वारा खरीफ 2026 के लिए मांग 29827 क्विंटल के विरूद्ध उपलब्धता 30391.76 क्विंटल है। अब तक विभिन्न माध्यम (समिति, कृषि विभाग एवं बीज निगम) से किसानों हेतु कुल 29643.64 क्विंटल बीज प्रदाय किया गया है। बीज निगम में 7489.12 क्विंटल बीज उपलब्ध है, जिसमें धान 737.10 क्विंटल, अरहर 4.80 क्विंटल के अलावा रागी, कोदो उड़द, मूंग एवं हरी खाद सन का बीज प्रमुख है। जिसे आवश्यकतानुसार कृषक बीज निगम रूआबांधा से क्रय कर सकते हैं। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने जिलों में मृदा स्वास्थ्य परीक्षण लैब की जानकारी लेते हुए कहा कि मानपुर, मोहला एवं खैरागढ़ ने भी उक्त लैब की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को मृदा परीक्षण कराने में सहुलियत हो। संभाग आयुक्त ने नशा-मुक्ति अभियान पर जोर देते हुए स्कूल-कालेजों एवं पुलिस विभाग के सहयोग से जनजारूकता रैली, नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को नशा के दुष्परिणामों से अवगत करायी जाए। उन्होंने अधिकारियों को संबंधित कार्यालयों में कार्य ई-ऑफिस प्रणाली से ही कराने निर्देशित किया। शासन के निर्देशानुसार मैनुअल फाईल कार्य बंद किया जाए। कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति आधार बेस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज निर्धारित समय पर हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कार्यालयों में संलग्नीकरण प्रक्रिया समाप्त कर दी गई है, अधिकारी इसका ध्यान रखें। अधिकारी-कर्मचारियों का निलंबन अवधि लंबे समय तक न हो, साथ ही निलंबन पश्चात बहाल होने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को विभाग अंतर्गत किसी भी कार्यालय में आवश्यकतानुसार पदस्थ किया जाए। संभाग आयुक्त ने कहा कि बारिश के मौसम में पेयजल की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। जल जीवन मिशन अंतर्गत समूह परियोजना के कार्य जहां पूर्ण हो गये हैं। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। यह व्यवस्था संभाग के कवर्धा, खैरागढ़ जिले के पहाड़ी क्षेत्रों के गांवों में भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता को दुर्ग में कन्या छात्रावास के निर्माण कार्य पूर्ण कराने तथा संयुक्त संचालक शिक्षा को स्कूली बच्चों का जाति-आय-निवास व जन्म प्रमाण पत्र शत-प्रतिशत बनवाने निर्देशित किया।

# भोरमदेव पदयात्रा को ऐतिहासिक यात्रा बनाने के लिए जुटा शासन, प्रशासन और जनसमुदाय

### कलेक्टर ने भोरमदेव पदयात्रा की तैयारियों को लेकर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों तथा विभिन्न क्लब, संघ एवं समाजों के अध्यक्षों एवं प्रमुखों की बैठक लेकर लिए गए सुझाव

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन महीने के प्रथम सोमवार 03 अगस्त को ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातत्व एवं पर्यटन महत्त्व स्थल भोरमदेव पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा बुढ़ा महादेव मंदिर कवर्धा से सबेरे 7 बजे से शुरू होगी।

उपमुख्मंत्री विजय शर्मा के मंशानुरूप कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में भोरमदेव पदयात्रा की तैयारी जोरो शोरो से की जा रही है। पदयात्रा को ऐतिहासिक पदयात्रा बनाने के लिए शासन-प्रशासन सहित जनसमुदाय और विभिन्न संगठन जुटे हुए है। कलेक्टर श्री वर्मा ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में श्रावण मास के प्रथम सोमवार 3 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली पारंपरिक बूढ़ा महादेव मंदिर कवर्धा से भोरमदेव मंदिर तक पदयात्रा की तैयारियों को लेकर जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों तथा विभिन्न क्लब, संघ एवं समाजों के अध्यक्षों एवं प्रमुखों की बैठक लेकर आयोजन को भव्य और व्यवस्थित बनाने के लिए उनके सुझाव लिए। बैठक में कवर्धा से भोरमेदव मंदिर तक 18 किलोमीटर की पदयात्रा में कांवडियों और पदयात्रियों के लिए अलग-अलग स्थानों पर जलपान, शरबत, चाय नाश्ते की व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि भोरमदेव पदयात्रा में श्रद्धालु उत्साह से भाग लेते है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कवर्धा सहित आसपास के सभी नागरिक इस पदयात्रा में शामिल होकर भव्य बनाएं। उन्होंने कहा कि आयोजन के संबंध में पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इस दौरान विभिन्न संस्था के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखें। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, पदयात्रा के रास्ते में पड़ने वाले ग्राम पंचायतों द्वारा रास्ते की साफ-सफाई एवं स्वागत द्वार बनाने, पेयजल, सुलभ शौचालयों की साफ-सफाई, रास्ते में जगह-जगह आपात चिकित्सा व्यवस्था, डीजे व्यवस्था तथा पदयात्रियों के लौटने के लिए निःशुल्क बसों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में भोरमदेव पदयात्रा के गरिमामय आयोजन के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए।

### श्रद्धालु और कांवड़ियों को मिलेगी सुविधा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर अमरकंटक से आने वाले कांवड़ियों के विश्राम के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा कवर्धा के ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के समीप अलग-अलग सामाजिक भवन व विशेष वाटर फरुप टेंट लगाकर विश्राम शिविर बनाएं जाएंगे। श्रद्धालु और कांवड़ियों को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए जिला प्रशासन के पूरा अमले को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही बूढ़ा महादेव मंदिर से लेकर भोरमदेव मंदिर तक स्वास्थ शिविर की व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर ने सीएमएचओं को चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए इसके अलावा इस मार्ग में आने वाले सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को श्रद्धालु एवं कांवड़ियों को स्वास्थ्य सुविधाएं पहुचाने के लिए अलर्ट रहने के निर्देश भी दिए गए है। कांवड़ियों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए समनापुर से भोरमदेव मार्ग पर सड़क के दोनों ओर शोल्डर का सुधार कार्य कराया जाएगा।

### पदयात्रा में झांकियों का होगा मोहक प्रदर्शन

भोरमदेव पदयात्रा को और अधिक भव्य, आकर्षक एवं सांस्कृतिक स्वरूप देने के लिए विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। पदयात्रा मार्ग पर भगवान शिव, भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं एवं सामाजिक संदेशों पर आधारित आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इन झांकियों के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत का भी मनोहारी प्रदर्शन किया जाएगा। श्रावण माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु रात्रि के समय भी कांवड़ यात्रा करते हैं।

# 1.31 करोड़ की खरीदी पर घमासान: नगर पालिका में गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया पर गंभीर सवाल

### उच्च स्तरीय जांच की मांग

समवेत शिखर संवाददाता



**खैरागढ़।** नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में 15वें वित्त आयोग की राशि से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए की गई 1.31 करोड़ की खरीदी अब विवादों के घेरे में आ गई है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अवर सचिव एवं संचालक रायपुर को लिखित शिकायत भेजकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जेम (ळम्ड) पोर्टल के माध्यम से खरीदे गए हाथ रिक्शा, ई-रिक्शा, ट्विन बिन मिनी टिप्पर, हाइड्रोलिक ट्रॉली और स्काई लिफ्ट मशीन की खरीदी में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई। दावा किया गया है कि लाखों रुपये खर्च कर खरीदे गए हाथ रिक्शा और ई-रिक्शा महज दो महीने के भीतर ही खराब होने लगे, जिससे स्वच्छता दीदियों के कार्य पर प्रतिकूल असर पड़ा है और शहर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हुई है।शिकायत में स्काई लिफ्ट मशीन की खरीदी को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि मशीन की तकनीकी स्पेसिफिकेशन का समुचित परीक्षण किए बिना ही सप्लाई स्वीकार की गई और भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि मशीन की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए तथा जांच पूरी होने तक संबंधित भुगतान पर रोक लगाई जाए। मनराखन देवांगन ने बताया कि इस मामले की शिकायत 8 जुलाई 2026 को कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से भी की गई थी लेकिन अब उन्होंने नगरीय प्रशासन विभाग से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। इस मुद्दे को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा से भी चर्चा कर जानकारी दी गई। शिकायत के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद दीपक देवांगन, शहर कांग्रेस महामंत्री शेखर दास वैष्णव सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल डेका को प्रमुख लोकायुक्त उबोवेजा ने आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से मंगलवार को यहां लोकभवन में प्रमुख लोकायुक्त इंदर सिंह उबोवेजा ने भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को छत्तीसगढ़ लोक आयोग के गतिविधियों की जानकारी दी और आयोग का वर्ष 2025-26 का वार्षिक प्रतिवेदन सौंपा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोक आयोग के सचिव दीपक अग्रवाल, उप सचिव सुश्री चित्रलेखा सोनवानी, कानूनी सलाहकार अजीत कुमार राजभानु एवं आयोग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्यपाल डेका से महिला आयोग की अध्यक्ष ने भेंट की



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से मंगलवार को यहां लोकभवन में राज्य महिला आयोग की नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने सौजन्य भेंट की।

### मंत्रिपरिषद की बैठक आज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 22 जुलाई को पूर्वान्ह 11.30 बजे से मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हैं। यह बैठक मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### रायपुर का हिस्ट्रीशीटर संजय रक्सेल गिरफ्तार 6 साल से पुलिस को दे रहा था चकमा

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने छह साल से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर संजय रक्सेल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफहत्या के प्रयास, बलवा, चोरी, मारपीट और शासकीय कार्य में बाधा समेत दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। उसके खिलाफ अदालत से स्थायी वारंट भी जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार, थाना खमतराई में साल 2020 में संजय रक्सेल के खिलाफहत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। लंबे समय से लंबित गंभीर मामलों की समीक्षा के दौरान पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला और पुलिस उपायुक्त (उत्तर) दीपमाला कश्यप ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और खमतराई थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने विशेष अभियान शुरू किया। पुलिस टीम ने आरोपी के संभावित ठिकानों, परिचितों और गतिविधियों पर लगातार नजर रखी। तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर की सूचना और लगातार दबिश के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त अफसर सियान गुड़ी में वृद्धजनों से मिलेंगे कल



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की ओर से संचालित और समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित सियान गुड़ी में गुरुवार, 23 जुलाई को वृद्धजनों की भेंटवार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त बुजुर्ग सियान गुड़ी पहुंचेंगे। इस दौरान उपस्थित वृद्धजनों को अपनी रुचि और भावना के प्रदर्शन के लिए खुला मंच प्रदान किया जाएगा। महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त हुए सीनियर सिटीजन्स गुरुवार, 23 जुलाई को सियान गुड़ी पहुंचेंगे। इस दौरान सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए भजन का आयोजन किया गया है। इस दौरान सभी बुजुर्गों को उनकी अभिरुचि के अनुरूप खुला मंच दिया जाएगा।

# सभी विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं को ऑनलाइन किया जाएं : मुख्य सचिव

### मुख्य सचिव विकासशील ने सचिवों की ली उच्च स्तरीय बैठक

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** मुख्य सचिव विकासशील ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य शासन के समस्त विभागों के भार सादक सचिवों की बैठक ली। बैठक में विभागों के महत्वपूर्ण कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने कहा है कि सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विभिन्न प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया दो वर्ष से ही प्रारंभ कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों की सूची विभागावार अद्यतन कर ली जाए। मुख्य सचिव ने विभागीय सचिवों को उनके विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए है। बैठक में ई-ऑफिस, आधार बेस अटेंडेंस, लोक सेवा गारंटी, सूचना के अधिकार, सुघ्घर छत्तीसगढ़, नियद नेल्लानार योजना, पीएम प्रगति पोर्टल, ई-प्रगति, डी रेगुलेशन ई-गजट, सेवा सेतु, ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं, पीएम सूर्य घर बिजली सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली गई।



मुख्य सचिव ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आई-गॉट के तहत विभागवार चिन्हित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग की जाये। अधिकारी-कर्मचारियों को आई-गॉट के तहत विभाग की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण दिलाने कहा है। मुख्य सचिव ने कहा है कि सभी विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं को ऑनलाइन किया जाए। बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार पिंगुआ, गृह एवं जेल विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा, विधि एवं विधायी विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती सुषमा सावंत, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमख सचिव श्रीमती शहला निगार, मुख्यमंत्री एवं खनिज विभाग के सचिव श्री पी.दयानंद, मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन, ऊर्जा विभाग के सचिव श्री सारांश मित्तर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री भीम सिंह, गृह विभाग के सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता, सामान्य प्रशासन एवं वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, परिवहन विभाग के सचिव श्री एस.प्रकाश, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव सुश्री आर.शंगीता, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव श्री बसवराजु एस., राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव श्री भुवनेश यादव, सुशासन एवं अभिसरण विभाग के संयुक्त सचिव श्री मयंक अग्रवाल सहित राज्य शासन के अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# चित्रकोट जल प्रपात के पास तीरथ गांव में 25 करोड़ रुपए की लागत से बनेगी टेंट सिटी

### मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में पीपीपीएसी की बैठक हुई

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति (पीपीपीएसी) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में चित्रकोट जलप्रपात के समीप तीरथ गांव में टेंट सिटी विकसित करने के प्रस्ताव पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि इस प्रोजेक्ट को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा।

प्रोजेक्ट का मुख्य स्थान बस्तर जिले के ग्राम तीरथ चित्रकोट जलप्रपात से 500 मीटर की दूरी पर होगा। बैठक में प्रोजेक्ट के वित्तीय प्रबंधन पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पर्यटन विभाग के अधिकारी ने बताया कि यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी, डेस्टिनेशन वेडिंग और कॉन्फ्रेंस हॉल भी विकसित किए जाएंगे।

मुख्य सचिव ने कहा कि चित्रकोट जल प्रपात क्षेत्र के आस-पास वर्ल्ड क्लास टूरिज्म डेसिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चित्रकोट देश का बड़ा जलप्रपात है। टेंट सिटी बनने पर बस्तर क्षेत्र में सालभर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। बैठक में वित्त विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन, प्रबंध संचालक पर्यटन मंडल श्री विवेक आचार्य सहित पर्यटन विभाग के अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# जनरेशन कंपनी के गारे पेलमा सेक्टर-III कोयला खदान को मिला राष्ट्रीय स्तर पर 5-स्टार रेटिंग

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी की गारे पेलमा सेक्टर-III कोयला खदान को भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई है। जनरेशन कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित स्टार रेटिंग मूल्यांकन में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए यह उपलब्धि अर्जित की है।




भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा जारी सूची के अनुसार गारे पेलमा सेक्टर-III कोयला खदान ने देश की 206 ओपनकास्ट कोयला खदानों में राष्ट्रीय स्तर पर 20वां स्थान प्राप्त किया है। साथ ही यह गारे पेलमा कोलफील्ड की सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाली खदानों में भी शामिल है। पावर कंपनीज के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार सिंह ने इस उपलब्धि पर अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है। जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री संजीव कुमार कटियार ने कहा कि इसके पहले भी केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीनस्थ खान सुरक्षा महानिदेशालय ने जनरेशन कंपनी के गारे पेलमा खदान को पुरस्कृत किया है। वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 में इसे सात राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए थे। साथ ही पिछले पांच वर्षों से खदान संचालन में सुरक्षा संबंधी मापदण्डों के पालन में उम्दा प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि फाइव स्टार रेटिंग मिलना सीएसपीजीसीएल की उत्कृष्ट कार्य संस्कृति एवं सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह उपलब्धि भविष्य में भी कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन बनाए रखने तथा कोयला खनन के प्रत्येक क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने के लिए प्रेरित करेगी।

देश की सभी कोयला खदानों का मूल्यांकन खनन संचालन, पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक तकनीक का उपयोग, आर्थिक प्रदर्शन, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन, श्रमिक कल्याण तथा सुरक्षा एवं संरक्षा सहित सात प्रमुख मानकों पर किया जाता है। इन सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर स्टार रेटिंग प्रणाली तय की जाती है। जनरेशन कंपनी के गारे पेलमा सेक्टर-III कोयला खदान को राष्ट्रीय स्तर पर 5-स्टार रेटिंग मिलना दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी की यह खदान केवल उत्पादन के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल एवं सस्टेनेबल माइनिंग के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में चला पर्यावरण संरक्षण अभियान

### पौधारोपण का संकल्प

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** रायपुर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय तिलक नगर गुढ़ियारी में ईको क्लब की ओर से सीड बॉल निर्माण और पर्यावरण संरक्षण अभियान आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान छात्रों ने उत्साह के साथ मिट्टी, जैविक खाद और देशी प्रजातियों के बीजों से सीड बॉल तैयार किए।

विद्यार्थियों को बताया गया कि बारिश के मौसम में इन सीड बॉल को बंजर जमीन, पहाड़ियों और खुले क्षेत्रों में फैलाने से बीज अंकुरित होकर पौधों में बदल जाते हैं। यह कम खर्च में अधिक पौधे तैयार करने का आसान और पर्यावरण के अनुकूल तरीका माना जाता है। साथ ही जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई और जैव विविधता संरक्षण जैसे विषयों पर भी जानकारी दी गई।



#### हरियाली बढ़ाने की अपील

ईको क्लब प्रभारी योगेश्वरी लहरी ने कहा कि प्रकृति की रक्षा केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से हर साल अधिक से अधिक सीड बॉल तैयार कर प्रकृति को समर्पित करने की अपील की। उनका कहना था कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े बदलाव ला सकते हैं। विद्यालय की प्राचार्य जॉली साहू के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने ÷एक विद्यार्थीङ्कअनेक सीड बॉल, एक सीड बॉलङ्कएक हरित भविष्य÷ का संकल्प लिया। साथ ही उन्होंने अपने परिवार और समाज को भी पर्यावरण संरक्षण अभियान से जोड़ने का संदेश दिया और सभी नागरिकों से वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक सीड बॉल तैयार कर हरियाली बढ़ाने की अपील की।

# यूपीएससी 2025 के छत्तीसगढ़ टॉपरों ने वित्त मंत्री चौधरी से की सौजन्य मुलाकात



**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट सफलता हासिल करने वाले छत्तीसगढ़ के टॉपर अभ्यर्थियों ने आज रायपुर में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान वित्त मंत्री ने सभी सफल अभ्यर्थियों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता कठिन परिश्रम, अनुशासन, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिणाम होती है। छत्तीसगढ़ के इन प्रतिभाशाली युवाओं ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने परिवार, शिक्षकों और मार्गदर्शकों का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं की सफलता प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। यह उपलब्धि बताती है कि समर्पण और निरंतर प्रयास के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। वित्त मंत्री ने सभी सफल अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने ज्ञान, क्षमता और संवेदनशीलता से देश एवं समाज की सेवा करते हुए छत्तीसगढ़ का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगे।

# दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

### शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** दिल्ली में छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज एवं बल प्रयोग के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएसयूआई ने सोमवार को अंबेडकर चौक, रायपुर में प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में एनएसयूआई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।



एनएसयूआई ने कहा कि अपनी लोकतांत्रिक मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग करना लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों की आवाज को दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया गया, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय ने कहा कि देश का छात्र वर्ग अपने अधिकारों और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहा था, लेकिन उनके साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि छात्रों पर हुए कथित अत्याचार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी नैतिक आधार पर अपने पद से इस्तीफा देने की मांग करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्रालय छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज को दबाने का माध्यम नहीं बन सकता। नीरज पाण्डेय ने कहा कि एनएसयूआई हमेशा छात्रों के अधिकारों, शिक्षा के लोकतांत्रिक माहौल और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी अन्याय के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि छात्रों के साथ इसी प्रकार का दमन जारी रहा तो संगठन पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन करेगा।

### रायपुर लोकभवन के बाहर कांग्रेसियों का धरना, राहुल गांधी को रिहा करने की मांग



**रायपुर।** दिल्ली में पीएम आवास के बाहर मंगलवार दोपहर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। धरने पर बैठे राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इस प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी शामिल हुए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि, प्रधानमंत्री आवास के बाहर से पुलिस ने हमारे सीनियर नेताओं के साथ मुझे भी बस में बैठा लिया है। एयरपोर्ट की तरफ कहीं लेकर जा रहे। दिल्ली पुलिस ने मेरा एक जूता भी ले लिया है। इस प्रदर्शन के बाद राहुल गांधी के समर्थन में अब छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने भी लोकभवन के पास प्रदर्शन किया। विरोध करने पहुंचे पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को पुलिस ने रोक लिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने लोकभवन के गेट तक बढ़ने की कोशिश की, जिसके बाद वहां धक्का-मुक्की और अफरातफरी का माहौल बन गया।

# सर्वमंगलमय चातुर्मास के लिए विवेकानंद नगर में आज भव्य मंगल प्रवेश

### शोभायात्रा के साथ होगा मुनि श्री संवेगरत्न सागरजी म.सा. का आगमन

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** जैन समाज के लिए आध्यात्मिक आस्था का प्रमुख पर्व चातुर्मास इस वर्ष राजधानी रायपुर के विवेकानंद नगर में भव्य भक्तिमय माहौल में आयोजित होगा। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समाज एवं चातुर्मास समिति की ओर से 22 जुलाई बुधवार को परम पूज्य मुनि श्री संवेगरत्न सागरजी म.सा. आदि ठाणा-5 का भव्य चातुर्मास मंगल प्रवेश कराया जाएगा। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल होंगे।

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष जसराज लूणीया ने बताया कि सुबह 7:30 बजे सदर बाजार स्थित श्री ऋषभदेव मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए विवेकानंद नगर पहुंचेगी। श्रद्धालु मंगल गीत, धर्मध्वजा और भक्ति भाव के साथ मुनिराज का मंगल प्रवेश कराएंगे। चातुर्मास समिति के महासचिव सुरेश बरडिया ने बताया कि चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 8:45 बजे से श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय, विवेकानंद नगर में नियमित प्रवचन होंगे। मुनि श्री संवेगरत्न सागरजी अपने प्रवचनों में धर्म, संयम, सदाचार और आत्मकल्याण का संदेश देंगे। चातुर्मास समिति ने जैन समाज सहित सभी धर्मप्रेमियों से सहपरिवार उपस्थित होकर चातुर्मास मंगल प्रवेश एवं धार्मिक आयोजनों का लाभ लेने की अपील की है।

यह आयोजन श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक समाज एवं चातुर्मास समिति (अंतर्गत श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट, रायपुर) द्वारा विवेकानंद नगर में आयोजित किया जा रहा है।



#### चातुर्मास के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन

चातुर्मास के सफल आयोजन एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के संचालन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रम को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने का निर्णय लिया गया। चातुर्मास समिति का अध्यक्ष जसराज लूणीया,महासचिव सुरेश बरडिया,कोषाध्यक्ष मोती सराफको बनाया गया है। शिखरचंद गोलछा को भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रमुख संरक्षक राजेश मुणोत, संरक्षक श्यामसुंदर बैदमुथा व पुखराज मुणोत हैं।

### एनआईटी रायपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और साइंटिफिक कंप्यूटिंग पर पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में आज नेक्स्ट जेनरेशन ट्रेंड्स इन एआई एंड साइंटिफिक कंप्यूटिंग विद हैंड्स-ऑन यूज़िंग पाइथन विषय पर पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन कार्यशाला का औपचारिक उद्घाटन किया गया। 20 से 24 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाली यह कार्यशाला कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग तथा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सतत शिक्षा प्रकोष्ठ (सीईसी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वैज्ञानिक संगणना के क्षेत्र में सैद्धांतिक समझ और व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता एनआईटी रायपुर के निदेशक (प्रभारी) डॉ. समीर बाजपेयी ने की। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष (प्रभारी) डॉ. संजय कुमार, सतत शिक्षा प्रकोष्ठ (सीईसी) के अध्यक्ष डॉ. शुभोजीत घोष तथा मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी रोपड़ के स्कूल ऑफ एआई एंड डेटा इंजीनियरिंग के एसोसिएट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार विप्पार्थी उपस्थित रहे।

# मराठी सिखाने के लिए क्लासेस महाराष्ट्र मंडल की विशेषता : डॉ. रुईकर

### 'स्वराज से साम्राज्य तक' कार्यशाला के समापन पर एम्स की प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा ने कहा- मराठी प्रचार को लेकर मंडल के कार्य प्रशंसनीय

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** 'स्वराज से साम्राज्य तक' विशेष कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ. मनीषा रुईकर ने कहा कि मराठी को लेकर महाराष्ट्र मंडल के कार्य प्रशंसनीय हैं। खासकर मराठी सिखाने को लेकर आप लोगों की जो मराठी क्लासेस चल रही है, वह एक बढ़िया प्रयास है।

एम्स की प्रोफेसर और सामुदायिक चिकित्सा विभाग की अध्यक्ष डॉ. रुईकर ने कहा हमें अपनी अगली पीढ़ी को मराठी सिखानी ही चाहिए क्योंकि भाषा का संबंध संस्कृति और परंपराओं को आगे ले जाने से भी होता है। इसके लिए सबसे जरूरी है कि हम घर में मराठी में बातचीत करें और अपना पूरा व्यवहार मराठी में ही करें।

डॉ. रुईकर ने मराठी में दिए अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि महाराष्ट्र मंडल को अपने सभासदों के घरों में जाकर हमारे सभासद मराठी में बात कर रहे हैं या नहीं, इस बात की पड़ताल करनी चाहिए। जिस घर में मराठी का वातावरण नहीं है, वहां अभिभावकों से लेकर बच्चों तक को मराठी क्लासेस जॉइन करवाने सहित और भी जरूरी कोशिशें करनी चाहिए। पूरा प्रयास होना चाहिए कि मंडल में सभी कार्यक्रम मराठी में ही हो। ठीक है यह कार्यशाला बाहरी गैरमराठी भाषी लोगों के शामिल होने की संभावना के कारण हिंदी में लगाई गई है। इस मौके पर श्री शिवाजी रायगढ़ स्मारक मंडल, पुणे के कार्यवाह व मुख्य वक्ता सुधीर थोरात ने कहा कि हमें एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि हिंदवी स्वराज के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज और उनके वंशजो का संघर्ष सिर्फमराठों के लिए नहीं बल्कि समूचे हिंदु समाज के लिए था। जहां-जहां मराठा राजा- पेशवा युद्ध करते हुए आगे बढ़े, वो-वो जगह आज भी हिंदुस्तान के नक्शे पर है।



शिखर बने उतुंग शिखर, अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय



## लाठीचार्ज : लोकतंत्र में संवाद की जगह टकराव क्यों

संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है और सड़क लोकतंत्र की अभिव्यक्ति का माध्यम। जब किसी राजनीतिक दल द्वारा संसद मार्च आयोजित किया जाता है, तो उसका उद्देश्य अपनी मांगों और जनभावनाओं को सरकार तक पहुंचाना होता है। वहीं प्रशासन की जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। लेकिन जब ऐसे आयोजनों का अंत लाठीचार्ज, धक्का-मुक्की या हिंसक टकराव में होता है, तो सबसे बड़ा नुकसान लोकतांत्रिक मूल्यों का होता है।

कॉकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च के दौरान हुए लाठीचार्ज ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध और व्यवस्था के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए पर्याप्त संवाद हो रहा है? किसी भी घटना की निष्पक्ष जांच से पहले दोष तय करना उचित नहीं होगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि यदि प्रदर्शनकारियों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय होता, तो स्थिति शायद इस स्तर तक नहीं पहुंचती। लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन नागरिकों और राजनीतिक दलों का वैध अधिकार है। संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध का संरक्षण करता है। दूसरी ओर, प्रशासन पर यह दायित्व भी है कि वह सार्वजनिक सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। चुनौती तब पैदा होती है, जब दोनों पक्ष अपने-अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बीच संतुलन खो देते हैं।

लाठीचार्ज जैसी कार्रवाई हमेशा अंतिम विकल्प होनी चाहिए। यदि परिस्थितियां वास्तव में नियंत्रण से बाहर हो जाएं, तब भी बल प्रयोग न्यूनतम और कानून के अनुरूप होना चाहिए। इसी प्रकार प्रदर्शन आयोजित करने वाले दलों की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने कार्यकर्ताओं को शांतिपूर्ण और अनुशासित रहने के लिए प्रेरित करें तथा प्रशासन द्वारा तय नियमों का सम्मान करें। लोकतांत्रिक राजनीति में विरोध को टकराव में बदलना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही जनता के प्रतिनिधि हैं। यदि विरोध की हर आवाज को केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न और हर प्रशासनिक कार्रवाई को केवल राजनीतिक दमन के रूप में देखा जाएगा, तो लोकतांत्रिक संवाद कमजोर होगा। संसद के भीतर बहस और संसद के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन–दोनों ही लोकतंत्र के आवश्यक स्तंभ हैं।

इस घटना के बाद आवश्यकता आरोप-प्रत्यारोप से अधिक तथ्यों पर आधारित समीक्षा की है। यदि कहीं प्रशासन से चूक हुई है, तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। यदि प्रदर्शन के दौरान कानून का उल्लंघन हुआ है, तो उसकी भी निष्पक्ष और कानूनी प्रक्रिया के अनुसार समीक्षा होनी चाहिए। जवाबदेही दोनों पक्षों की होनी चाहिए। एक परिपक्व लोकतंत्र की पहचान यह नहीं कि वहां कभी विरोध न हो, बल्कि यह है कि मतभेदों का समाधान संवाद, संयम और संवैधानिक प्रक्रियाओं से निकले। संसद मार्च जैसी घटनाएं लोकतांत्रिक ऊर्जा का प्रतीक बनें, टकराव का नहीं। सरकार, विपक्ष और प्रशासन–सभी की साझा जिम्मेदारी है कि असहमति को सम्मान मिले और कानून का पालन भी सुनिश्चित हो। यही लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति है।

# स्मार्ट मीटर : बिजली मीटर के विकास का अगला स्वाभाविक कदम

■ गोविन्द पटेल, उपमहाप्रबंधक (जनसंपर्क), सीएसपीजीसीएल



आज के दौर में सूचना ही सबसे बड़ी शक्ति है। जिसके पास सही और समय पर जानकारी होती है, वह बेहतर निर्णय ले सकता है। स्मार्ट मीटर भी बिजली उपभोक्ता को यही क्षमता देता है। यह उसे अपनी बिजली खपत को समझने, उसका विश्लेषण करने और आवश्यकता के अनुसार नियंत्रित करने का अवसर प्रदान करता है।

मुझे अपनी पुरानी मारुति 800 कार याद आती है। उसमें किलोमीटर मीटर के साथ केवल पेट्रोल इंडिकेटर होता था। उससे केवल इतना पता चलता था कि गाड़ी कितनी चली और कितना पेट्रोल बचा है। लेकिन आज की कारों के स्मार्ट डिजिटल डैशबोर्ड हर पल बताते हैं कि गाड़ी कितनी माइलेज दे रही है, किस गति पर ईंधन की खपत बढ़ रही है और कितनी दूरी तक चल सकती है। जानकारी बढ़ी है, इसलिए वाहन पर नियंत्रण भी पहले से बेहतर हुआ है।

ठीक ऐसा ही सफर बिजली मीटर का भी है। उन्नीसवीं सदी में जब पहली बार बिजली लोगों के घरों तक पहुंची, तब कई स्थानों पर उपभोक्ताओं से बल्बों की संख्या के आधार पर शुल्क लिया जाता था। बाद में मेकेनिकल बिजली मीटर विकसित हुए। भारत में लंबे समय तक इलेक्ट्रो-मैकेनिकल मीटरों का व्यापक उपयोग हुआ। इनमें घूमने वाली डिस्क होती थी, जो बिजली की खपत दर्ज करती थी। एक जमाना था जब बिजलीकर्मी डायरी लेकर घर-घर जाते और रीडिंग नोट करते थे। यह व्यवस्था अपने समय के लिए उपयोगी थी, लेकिन मानवीय त्रुटियों की संभावना बनी रहती थी।

इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक मीटर आए, जिनमें छेड़छाड़ की संभावना काफी कम हुई। फिर मल्टी-फंक्शन डिजिटल मीटर विकसित हुए, जो बिजली खपत के साथ वोल्टेज, अधिकतम मांग (मैक्सिमम डिमांड) जैसी तकनीकी जानकारियां भी दर्ज करने लगे। तुरंत बिल तैयार करने की व्यवस्था भी विकसित हुई। इसके बावजूद एक कमी बनी रही। उपभोक्ता को महीने के अंत में ही पता चलता था कि उसने कितनी बिजली खर्च की। प्रतिदिन अपनी खपत जानने और उसे नियंत्रित करने का अवसर उसके पास नहीं था। यहीं से स्मार्ट मीटर की आवश्यकता महसूस हुई। वर्ष 2001 में इटली ने बड़े पैमाने पर



स्मार्ट मीटर का उपयोग शुरू किया। आज दुनिया के अधिकांश विकसित और अनेक विकासशील देशों में स्मार्ट मीटर बिजली व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। पारंपरिक मीटर और स्मार्ट मीटर के बीच सबसे बड़ा अंतर सूचना के प्रवाह का है। स्मार्ट मीटर से डेटा कंपनी के सर्वर तक पहुंच जाता है। जहां यह सुविधा उपलब्ध है, वहां उपभोक्ता भी मोबाइल ऐप के माध्यम से अपनी बिजली खपत का विवरण देख सकता है। अर्थात अब बिजली की जानकारी केवल बिजली कंपनी के पास ही नहीं रहती, बल्कि उपभोक्ता के हाथ में भी आ गई है।

स्मार्ट मीटर पहली बार उपभोक्ता को अपनी बिजली खपत को नियमित रूप से देखने और समझने का अवसर देता है। इससे बिलिंग प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होती है और आवश्यकता पड़ने पर उपभोक्ता स्वयं भी अपनी खपत का मिलान कर सकता है। उसे केवल महीने के अंत में आने वाले बिल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता।भारत सरकार ने वर्ष 2021 में रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) प्रारंभ की, जिसके अंतर्गत देशभर में चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023-24 से इसका क्रियान्वयन प्रारंभ हुआ। आज प्रदेश के लगभग 55 लाख उपभोक्ताओं में से 41 लाख से अधिक घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।स्मार्ट मीटर का कार्य केवल उपभोक्ता की वास्तविक बिजली खपत को दर्ज करना है। उपभोक्ताओं की शंकाओं के समाधान के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने चार हजार से अधिक घरों में समानांतर चेक मीटर लगाकर दोनों मीटरों की खपत का परीक्षण किया। जांच में दोनों मीटरों की दर्ज खपत समान पाई गई। वर्तमान में बिजली बिल बढ़ने की शिकायतों के विश्लेषण से यह सामने आया है कि इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। गर्मी के मौसम में एसी, कूलर और अन्य विद्युत उपकरणों के अधिक उपयोग से बिजली की खपत बढ़ जाती है।

पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस वर्ष अप्रैल, मई और जून में अधिक गर्मी दर्ज की गई। ऐसे में अनेक उपभोक्ताओं की बिजली खपत बढ़ी, जिसका सीधा प्रभाव उनके बिजली बिल पर पड़ा। कई उपभोक्ता 400 यूनिट की सीमा पार कर एम-ऊर्जा (हाफ बिजली) योजना के दायरे से बाहर हो जाते हैं। वहीं कुछ मामलों में स्वीकृत भार से अधिक लोड उपयोग करने पर अधिकतम मांग (मैक्सिमम डिमांड) से संबंधित प्रभार भी बिल में जुड़ जाता है। इन परिस्थितियों को स्मार्ट मीटर से जोड़कर देखना उचित नहीं होगा। स्मार्ट मीटर होने से ही उपभोक्ता अपने छतों पर लगे सोलर प्लांट से उत्पादित बिजली की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से रूफटॉप सोलर अपनाकर उपभोक्ता अपनी बिजली आवश्यकता का बड़ा हिस्सा स्वयं पूरा कर सकते हैं। इससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है और कई मामलों में यह लगभग शून्य तक भी पहुंच सकता है। आज आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक विकास का आधार विश्वसनीय विद्युत व्यवस्था है। बिजली केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए उत्पादन, पारेषण और वितरण व्यवस्था का सुदृढ़ होना आवश्यक है। बिजली की चोरी और दुरुपयोग का नुकसान अंततः पूरे समाज को उठाना पड़ता है। पारदर्शी और उत्तरदायी विद्युत व्यवस्था हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। स्मार्ट मीटर केवल एक मीटर नहीं, बल्कि पारदर्शी और जवाबदेह बिजली व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह वास्तविक बिजली खपत का सटीक रिकॉर्ड उपलब्ध कराता है और उपभोक्ता को अपनी खपत समझने में सहायता करता है। यह उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत की सूचना प्रदान करने का सशक्त माध्यम है, यह बिजली की सूचना का अधिकार प्रदान करता है, क्योंकि सही सूचना ही आज सबसे बड़ी शक्ति है।

## प्रेरक प्रसंग

### सच्ची दोस्ती

वह शाम को ऑफिस से घर लौटा, तो पत्नी ने कहा कि आज तुम्हारे बचपन के दोस्त आए थे, उन्हें दस हजार रुपए की तुरंत आवश्यकता थी, मैंने तुम्हारी आलमारी से रुपए निकालकर उन्हें दे दिए। कहीं लिखना हो, तो लिख लेना। इस बात को सुनकर उसका चेहरा हतप्रभ हो गया, आंखें गीली हो गईं, वह अनमना-सा हो गया। पत्नी ने देखा-अरे! क्या बात हो गई। मैंने कुछ गलत कर दिया क्या? उनके सामने तुमसे फोन पर पूछने पर उन्हें अच्छा नहीं लगता। तुम सोचोगे कि इतना सारा धन मैंने तुमसे पूछे बिना कैसे दे दिया। पर मैं तो यही जानती थी कि वह तुम्हारा बचपन का दोस्त है। तुम दोनों अच्छे दोस्त हो, इसलिए मैंने यह हिम्मत कर ली। कोई गलती हो, तो माफ कर दो। मुझे दुख इस बात का नहीं है कि तुमने मेरे दोस्त को रुपए दे दिए। तुमने बिलकुल सही काम किया है। तुमने अपना कर्तव्य निभाना, मुझे इसकी खुशी है। मुझे दुख इस बात का है कि मेरा दोस्त तंगी में है, यह मैं कैसे समझ नहीं पाया। उस दस हजार रुपए की आवश्यकता आन पड़ी। इतने समय में मैंने उसका हाल-चाल भी नहीं पूछा। मैंने कभी यह सोचा भी नहीं कि वह मुश्किल में होगा। मैं भी कितना स्वार्थी हूँ कि अपने दोस्त की मजबूरी नहीं समझ पाया। जिस दोस्ती में लेने-देने का गणित होता है, वह केवल नाम की दोस्ती होती है। उसमें अपनत्व नहीं होता। हमने किसी का एक काम किया है, तो सामने वाला भी हमारा काम करेगा, ऐसी अपेक्षा रखना ये दोस्ती नहीं है। दोस्ती को दिल के दरवाजे की खामोश घंटी है, साइलेंट बेल है, जो बजे या न बजे, हमें भीतर से ही इसकी आवाज सुन लेनी चाहिए। यही होती है सच्ची दोस्ती।

## धर्म-कर्म

### विदुर नीति से जानिए किन लोगों से दूर रहने में है समझदारी

महाभारत में सबसे बुद्धिमानों लोगों में विदुर का नाम शामिल है। महाभारत में एक अधिक महत्वपूर्ण प्रसंग है, जिसमें विदुर ने अपनी नीतियों के द्वारा जीवन में सुख-शांति और सफलता पाने के लिए ऐसे 5 लोगों के बारे में बताया है, जिनसे जीवन में सदैव दूरी बनाकर रखनी चाहिए। इन लोगों के साथ रहने से जीवन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है और बड़ी विपत्ति संकट आ सकता है, तो ऐसे में आइए इस आर्टिकल में आपको बताते है कि किन 5 लोगों से जीवन में सदैव दूर रहना चाहिए।

**बुराई करने वाले लोग :** विदुर नीति में बताया गया है कि जो लोग आपके सामने आपकी तारीफ करते हैं, लेकिन आपकी पीठ के पीछे बुराई करते हैं, तो इस तरह के लोगों के साथ जीवन में कभी नहीं रहना चाहिए। जो लोग आपकी बुराई करते हैं, तो उनके साथ रहने से आपको जीवन में किसी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है और ये लोग आपको समाज में कभी भी नीचा दिखा सकते हैं।

**फैसले में जल्दबाजी करना :** इसके अलावा ऐसे लोगों के साथ नहीं रहना चाहिए, जो लोग जल्दबाजी में फैसले लेते हैं। ऐसा माना जाता है कि जल्दबाजी में लिए गए फैसले कभी भी सफल नहीं होते, जिसकी वजह से काम किसी बड़ी बाधा का सामना करना पड़ सकता है।

**गलत योजना बनाना:** जो लोग जीवन में सदैव दूसरों को दुख देने के लिए कोई न कोई योजना बनाते रहते हैं, तो इस तरह के लोगों से दूरी बना कर रखनी चाहिए। विदुर नीति के अनुसार, जीवन में दुख देने वाले लोग कभी भी बुरे समय में साथ नहीं देते हैं।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

## आंचलिक

# साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक : जिले में गरिमामय पूर्ण रूप से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

### स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए विभागों को सौंपे गए दायित्व

समवेत शिखर संवाददाता

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम आगामी स्वतंत्रता दिवस के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक तैयारियां के रूप रेखा के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए। इसके अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस का दंतेवाड़ा में गरिमामय पूर्ण रूप से आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा तथा पुलिस एवं नगर सैनिकों की टुकड़ियों द्वारा सलामी ली जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन हेतु पूर्व की भांति अन्य विभागों को दायित्व सौंपे गये। इस संबंध मे आगे कहा गया कि जनपद पंचायत कार्यालयों में जनपद पंचायत अध्यक्ष और नगरी निकायों में नगरीय निकायों के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण




किया जायेगा। तथा स्कूली बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे साथ ही सभी शासकीय भवनों, स्मारकों में रोशनी की जाएगी। अन्य वर्ष की तरह शासकीय भवनों, ऐतिहासिक स्थानों के साथ-साथ निजी संस्थानों में भी राष्ट्रीय झंडा वंदन होगें। बैठक में इसके अलावा आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन की आवश्यक रूपरेखा तैयार कर विभागवार दायित्व सौंपा गया। इसके अन्तर्गत मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन, उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने, कार्यक्रम में पेयजल, चिकित्सा, स्वल्पाहार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों,, मंच स्थल की साज-सज्जा, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएचई, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यानिकी, वन विभाग, आदिम जाति विभाग, जिला पंचायत, खाद्य विभाग को दायित्व सौंपे गए। इसके साथ ही कलेक्टर ने समय सीमा सीएम हेल्पलाइन सेवा सेतु 2.0 के अंतर्गत विभागों को प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण के संबंध में कहा कि सभी विभाग प्रमुख समय सीमा से बाहर हो चुके आवेदनों का तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। क्योंकि निर्धारित समय सीमा के आवेदन डैशबोर्ड पर दर्शित होंगे और अनिराकृत आवेदन वरिष्ठ कार्यालय में स्वमेव ही प्रेषित हो जाएगे। इसलिए सभी विभाग प्रमुख इस तथ्य के प्रति सचेत रहे। इसके साथ ही कलेक्टर श्री ध्रुव ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति के साथ -साथ आत्मसमर्पित नक्सलियों के आवास निर्माण की स्थिति, आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य, नगरीय क्षेत्र में वृक्षारोपण, माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा, निर्देश, मानव अधिकार आयोग के लंबित प्रकरण, माननीय उच्च न्यायालय में विभागों से संबंधित लंबित प्रकरण, व्यक्तिगत अधिकार पत्र एवं फौती नामांतरण, विभागों से प्राप्त भूमि आवंटन की स्थिति, बस्तर मुन्ने कार्यक्रम, मुख्यमंत्री जनदर्शन, सचिवालय, जन शिकायत पीजीएन, ई-समाधान, कलेक्टर जनदर्शन, सम्पर्क के प्राप्त पत्रों की समीक्षा,बाढ़ आपदा हेतु कार्यों की स्वीकृति, बाढ़ आपदा हेतु तैयारी, एग्रीस्टेक पंजीयन, संबंधी विषयों में प्रगति की जानकारी ली।

## नियद नेल्लानार के तहत योजनाओं की प्रगति का लिया गया जायजा, वितरित किए गए आधार कार्ड



समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** शासन की महत्वाकांक्षी नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से अबूझमाड़ के दूरस्थ एवं विशेष रूप से संवेदनशील गांवों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, राशन, आधार, बैंकिंग सहित शासन की मूलभूत सुविधाएं प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा रही है। योजना का नियमित निरीक्षण एवं सतत मॉनिटरिंग के लिए कलेक्टर नम्रता जैन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत मेटानार का निरीक्षण उपसंचालक पंचायत यशपाल प्रेक्षा द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान नवीन विद्यालय भवन, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) भवन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का अवलोकन करते हुए शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। आधार पंजीयन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि ग्राम के अधिकांश पात्र ग्रामीणों का आधार पंजीयन पूर्ण हो चुका है। इस अवसर पर हितग्राहियों को आधार कार्ड भी वितरित किए गए तथा शेष पात्र लोगों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## आज का इतिहास

- 1883: कोलकाता में भारत के पहले सार्वजनिक थियेटर की शुरुआत हुई।
- 1884: लॉर्ड्स के मैदान पर पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया।
- 1888: ब्रिटेन के आविष्कारक डनलप ने टायर और ट्यूब तैयार किए, जिससे परिवहन के साधनों की गति बढ़ी।
- 1904: 13 साल तक चले निर्माण कार्य के बाद रूस में 4607 किलोमीटर लंबी ट्रांस साइबेरियन रेल लाइन का काम पूरा।
- 1940: सोवियत संघ ने एस्टोनिया लातविया और लिथुआनिया पर कब्जा किया।
- 1960: श्रीलंका (तब सीलोन) में सिरिमावो भंडारनायके विश्व की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
- 1962: भारत चीन के बीच सीमा पर युद्ध।
- 1963: काशी विद्यापीठ को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया।

## आधुनिक कृषि का कमाल : ड्रिप सिंचाई अपनाकर वासुदेव ने बदली अपनी तकदीर

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** विकासखंड नारायणपुर के ग्राम नेतानार निवासी किसान वासुदेव शिवलाल ने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर सफलता की नई मिसाल पेश की है। पहले वे मुख्य रूप से पारंपरिक धान की खेती करते थे, जिससे परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल होता था। लेकिन उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन ने उनकी खेती की दिशा बदल दी। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने किसान को ड्रिप सिंचाई प्राली अपनाने और सब्जी उत्पादन के लिए प्रेरित किया। विभाग की तकनीकी सलाह पर उन्होंने 1 हेक्टेयर क्षेत्र में बैंगन और लौकी की खेती शुरू की। ड्रिप सिंचाई के उपयोग से पानी की



बचत हुई, फसल की गुणवत्ता बेहतर बनी और उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। आज किसान अपनी उपज को स्थानीय बाजार में बेचकर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं। सब्जी उत्पादन से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और खेती नियमित आय का भरोसेमंद माध्यम बन गई है। किसान वासुदेव की यह सफलता अब क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा बन रही है। वे आधुनिक कृषि तकनीकों और वैज्ञानिक खेती के लाभों को देखकर सब्जी उत्पादन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह उदाहरण दर्शाता है कि विभागीय तकनीकी मार्गदर्शन, ड्रिप सिंचाई जैसी आधुनिक तकनीकों और किसानों की मेहनत के समन्वय से कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है।

## कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने दिए निर्देश

**कांकेर।** जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। जिला कार्यालय में आज आयोजित जनदर्शन में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें अन्त्योदय राशन कार्ड प्रदाय करने, प्रधानमंत्री आवास आवंटित करवाने, उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता, एग्रीस्टैक किसान पंजीयन, अतिथि शिक्षक पद पर भर्ती, अटल आवास आबंटित करने, प्राथमिक शाला भैराडीह हेतु भवन निर्माण जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर क्षीरसागर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय जितेन्द्र कुर्रे एवं ए.एस. पैकरा, विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सक्षम योजना के तहत कलेक्टर ने स्वरोजगार के लिए हितग्राही को सौंपा 1 लाख रुपए का चेक

समवेत शिखर संवाददाता

**कांकेर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के कांकेर प्रवास के दौरान मिलेट कैफे की संचालक द्वारा आर्थिक सहायता की मांग की गई थी, जिस पर विभाग द्वारा शीघ्र कार्यवाही करते हुए छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना के तहत संचालित सक्षम योजनांतर्गत उक्त मिलेट कैफे की संचालक सरस्वती साहू को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आज 01 लाख रूपए का चेक समय-सीमा बैठक के दौरान सौंपा तथा उन्हें उक्त राशि का बेहतर ढंग से उपयोग करने की बात कही।



जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि विगत 28 जून को महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने कांकेर प्रवास के दौरान नए बस स्टैण्ड के समीप सी-मार्ट के पास संचालित लक्ष्मी सखी मिलेट कैफे का अवलोकन किया। इस दौरान संचालक साहू ने मिलेट कैफे को और बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी, जिस पर मंत्री राजवाड़े ने विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया था। परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ महिला कोष की सक्षम योजना के तहत तत्काल प्रकरण तैयार कर 01 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई। कलेक्टर क्षीरसागर ने उक्त मिलेट संचालक को आज चेक सौंपा। उल्लेखनीय है कि सक्षम योजना के तहत ऐसी महिलाएं जिनके पति की मृत्यु हो चुकी है तथा जिनकी आयु 35 से 45 वर्ष के बीच है और उन्हें जीविकोपार्जन में कठिनाई हो रही है। उन्हें स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा सुलभ ऋण प्रदाय किया जाता है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय जितेन्द्र कुर्रे एवं ए.एस. पैकरा, जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडेय, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनुकूल पांडेय सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला पंचायत सीईओ ने डौंडीलोहारा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का किया औचक निरीक्षण

**बालोद।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी ने डौंडीलोहारा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण कर ग्राम पंचायतों में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं शासकीय कार्यालयों का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ श्री चंद्रवंशी ने ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री चंद्रवंशी ने ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम कामता में स्वच्छ भारत मिशन के तहत संचालित बायो गैस संयंत्र, प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक भवन एवं आहाता निर्माण का जायजा लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत बड़गांव के आंगनबाड़ी, डारागांव स्थित अमृत सरोवर, बिजौरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों तथा ग्राम पंचायत सुरेगांव में निर्माणाधीन महतारी सदन का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरेगांव और आयुर्वेदिक औषधालय सुरेगांव पहुँचकर स्वास्थ्य सुविधाओं की भी समीक्षा की और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं की अध्यक्षता में पीएम गति शक्ति इनिशिएटिव पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**बेमेतरा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' के प्रभावी क्रियान्वयन, विभिन्न विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा अधोसंरचना विकास परियोजनाओं में गति एवं पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने की। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर सुश्री ममगाईं ने कहा कि प्रधानमंत्री गति शक्ति पहल देश के समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह केवल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म नहीं, बल्कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी परियोजनाओं की अद्यतन जानकारी समय-समय पर पोर्टल में दर्ज करें तथा विकास कार्यों के क्रियान्वयन में आपसी समन्वय बनाए रखें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क, जल संसाधन, विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, कृषि, वन, उद्योग, दूरसंचार एवं अन्य अधोसंरचना से जुड़े विभाग योजनाओं का प्रस्ताव तैयार करते समय पीएम गति शक्ति पोर्टल का प्रभावी उपयोग करें। इससे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक बाधाओं को कम किया जा सकेगा तथा संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी विकास परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच सूचना का आदान-प्रदान और समयबद्ध समन्वय अत्यंत आवश्यक है। पीएम गति शक्ति प्लेटफॉर्म के माध्यम से परियोजनाओं की बेहतर योजना, निगरानी और क्रियान्वयन संभव होगा, जिससे विकास कार्यों में तेजी आएगी तथा आम नागरिकों को शीघ्र लाभ मिलेगा। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान की अवधारणा, उद्देश्य एवं उपयोगिता पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया।

# लाखों खर्च के बाद भी मुक्तिधामों की स्थिति नहीं सुधरी

### उचित रख-रखाव के अभाव में गौवंश के लिए चारागाह ही बनकर रह गया

समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** दुनिया में राजा हो या रंक, अंतिम मुकाम सबका एक ही है मुक्तिधाम लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र के मुक्तिधामों की हालत देखकर लगता है कि समाज और प्रशासन ने अपने इस अंतिम पड़ाव को ही भुला दिया है।



निकाय द्वारा लाखों रुपए खर्च कर अहाता, प्रतीक्षालय और अग्निदाह के लिए टीन शेड बनवाए, लेकिन उचित रख-रखाव के अभाव में वह सब अब जर्जर होकर खंडहर में तब्दील हो गया है। कहीं गौवंश डेरा जमाए हैं तो कहीं झाड़-झडोखे उग आए हैं तो कही जुआडी और नशेडी लोगो अड्डा बन चुका है नगर के डोटू नाला किनारे वार्ड क्रमांक 07 स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में 8 लाख रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त प्रतीक्षालय बनवाया था जिसका उपयोग भी नही हुआ इसके साथ टीन शेड, बैठने की व्यवस्था और बाउंड्रीवॉल भी बनाई गई थी। उद्देश्य था कि अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों को धूप-बारिश से राहत मिले।लेकिन उचित रख-रखाव के चलते आज उसी प्रतीक्षालय की खिड़कियां टूटी हैं, दरवाजे उखड़ गए हैं और अंदर गंदगी व गोबर पड़ा है। छत से पानी टपकता है और दीवारों पर पेड़ उग आए हैं, पाईपलाईन व टायलेट टूटी पड़ी है।यहां बाउंड्रीवाल तो बनी परंतु आज सभी मुक्तिधाम गौवंशो के चारागाह का रूप ले लिया है।इसी तरह वार्ड क्रमांक 14 स्थित मुक्तिधाम में पार्षद निधि से लाखों रुपए खर्च कर अहाता निर्माण और समतलीकरण का काम कराया गया था। लेकिन उचित घेराबंदी और देखरेख न होने से अब यह भी स्थान गौवंश का चारागाह बन चूका है, दिनभर यहां भी जानवरो व जुआरियों का डेरा रहता है। अन्य समाजों के मुक्तिधाम भी बदहाल है नगर में सतनामी समाज मुक्तिधाम, गोंडवाना मुक्तिधाम और मुस्लिम कब्रिस्तान की स्थिति भी कुछ बेहतर नहीं है। गौरतलब है कि निकाय ने 20 वर्ष पूर्व नगर के मारवाडी मुक्तिधाम, मुस्लिम कब्रिस्तान तथा वार्ड 14 स्थित मुक्तिधाम के संधारण मे लाखो खर्च किया मगर देवलोक जाने वाली मार्ग को प्रशस्थ करने वाली मुक्तिधाम आज चारागाह व नशेडीयो का बड़ा अड्डा बना हुआ है रात-दिन यहा युवाओ की टोलीयो को देखा जा सकता है। सतनामी समाज मुक्तिधाम, गोंडवाना मुक्तिधाम तथा मुस्लिम कब्रिस्तान (पुराना) मे अहाता निर्माण, शवदाह गृह तथा गार्डनिंग की आवश्यकता है। लाखों खर्च, परिणाम शून्य पिछले 5 साल में नगर पंचायत ने विभिन्न मदों से मुक्तिधामों पर लगभग 50 लाख रुपए से भी अधिक खर्च किये गये हैं। इसमें अहाता, प्रतीक्षालय, शेड और शवदाह गृह शामिल है।राज्य शासन को मुक्तिधाम ऊन्नयन हेतु राशि स्वीकृत करनी चाहिए।

मुक्तिधाम किसी भी सभ्य समाज का आईना होते हैं। जिस समाज में अंतिम यात्रा को सम्मान नहीं मिलता, वहां जीवन के मूल्यों पर सवाल खडी करती है।अब जरूरत है कि प्रशासन, जनप्रतिनिधि और समाज मिलकर इन स्थलों को संरक्षित करें। ताकि अंतिम समय में किसी को यह पीड़ा न सहनी पड़े कि अपनों को सम्मान के साथ विदा भी नहीं कर सके।

#### स्थानीय लोगों और समाज प्रमुखों को मुक्तिधामों को यह मिलनी चाहिए

1. **स्थाई चौकीदार:** हर मुक्तिधाम में एक चौकीदार की पदस्थापना प्लेसमेंट के माध्यम से होनी चाहिए।
2. **पानी और शौचालय:** सभी मुक्तिधामो के प्रतीक्षालय में शुद्ध पेयजल और शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए वही साफ सुथरा बैठक व्यवस्था होनी चाहिए।
3. **गार्डनिंग:** परिसर में वृक्षारोपण और साफ-सफाई प्रकाश व्यवस्था रात में लाइट ताकि असामाजिक तत्व न बैठके इन स्थानो पर नही होना चाहिए। सभी मुक्तिधामों तक पक्का रास्ता तो होनी ही चाहिए।
4. **सामुदायिक सहभागिता:** समाजों को रख-रखाव की जिम्मेदारी देना चाहिए।

# बेटियों की शिक्षा को मिलेगी नई गति : विधायक चंद्राकर



### डुंडेरा की 31 छात्राओं को मिली सरस्वती योजना की साइकिलें

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग/डुंडेरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंडेरा में मंगलवार को सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की 31 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने छात्राओं को साइकिल सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना राज्य सरकार की ऐसी महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और शिक्षा की राह आसान होगी। उन्होंने छात्राओं से मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ पढ़ाई करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षित बेटी ही परिवार, समाज और प्रदेश के विकास की मजबूत आधारशिला बनती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और समावेशी बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, समय पर निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरण, अतिरिक्त पौष्टिक आहार, नियमित पालक-शिक्षक बैठक, न्योता भोज तथा भारतीय संस्कृति आधारित विभिन्न नवाचारों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का वातावरण तैयार किया जा रहा है।

# कबीरधाम में नि:शुल्क ईको कार्डियोग्राफी शिविर, 53 बच्चों की जांच

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर हृदय जांच शिविर आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर जिला चिकित्सालय संबद्ध शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सालय, कबीरधाम में रायपुर के सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के सहयोग से राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत निरूशुल्क ईको कार्डियोग्राफी जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिले के 53 बच्चों का पंजीयन कर उनकी ईको कार्डियोग्राफी जांच की गई, जिनमें से 18 बच्चों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इन बच्चों का उपचार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत शासन की व्यवस्था के अनुसार निःशुल्क कराया जाएगा।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर की पूरी कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य विभाग को ऐसे विशेष जांच शिविर नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का समय पर उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की सराहना करते हुए कहा कि पात्र बच्चों को बिना विलंब उपचार उपलब्ध कराया जाए। शिविर में रायपुर से आए पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. चन्द्रकांत उसेंडी ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट,नितेश अग्रवाल, मनीराम साहू, रिंकेश वैष्णव, मोहन ठाकुर, जितेंद्र सिंह, दुर्गेश दुबे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र तूरे, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सलिल मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी, डॉ. मुकुंद राव, श्रीमती आराधना बंजारे, श्रीमती प्रिया तंबोली, चंदन टेकाम तथा चिरायु दल के सभी सदस्यों ने शिविर के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत जिले के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, अनुदान प्राप्त विद्यालयों, आवासीय विद्यालयों, आश्रम-छात्रावासों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत एवं पंजीकृत बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। चिरायु दल वर्ष में एक बार सभी स्कूलों तथा वर्ष में दो बार सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण कर बच्चों की स्वास्थ्य जांच, परामर्श और उपचार उपलब्ध कराते हैं।

# सभी शिक्षकों की शत-प्रतिशत बायोमेट्रिक उपस्थिति और आयुष्मान कार्ड बनाने पर दें विशेष जोर

### कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन की योजनाओं एवं विकास कार्यों का निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वर्तमान में यदि स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक किसी अन्य विभाग में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं, तो उनकी प्रतिनियुक्ति पूरी तरह नियमानुसार होनी चाहिए। इसके लिए संबंधित शिक्षक की मूल नियुक्ति वाले विभाग तथा जिस विभाग में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं, दोनों विभागों से विधिवत अनुमति प्राप्त होना अनिवार्य होगा। साथ ही जिस विभाग में शिक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है, वहां स्वीकृत सेटअप के अनुसार रिक्त पद उपलब्ध होना भी आवश्यक है।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में सभी प्रकरणों की समीक्षा कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा जिले के सभी शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सार्वजनिक मार्गों पर आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले धार्मिक स्थलों के संबंध में निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे स्थलों को नियमानुसार प्रतिस्थापित अथवा हटाने की कार्यवाही की जानी है। इसके लिए जिला एवं अनुविभाग स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अनुविभाग स्तर पर समिति की बैठक आयोजित कर ऐसे धार्मिक स्थलों का चिन्हांकन करें तथा उनकी सूची, स्थलवार फोटोग्राफ एवं आवश्यक जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके। स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों की शत-प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें : कलेक्टर

**बेमेतरा।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समय-सीमा में करें। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर सुश्री ममगाई ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जवाबदेहीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने कृषकों का शत-प्रतिशत एवं त्रुटिरहित ढंग से डिजिटल फसल सर्वेक्षण करने के दिए निर्देश

**बालोद।** खरीफवर्ष 2026 में एग्रीस्टैक परियोजना के अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य के संबंध में सोमवार 20 जुलाई को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में जिले के सभी कृषकों का शत प्रतिशत एवं त्रुटिरहित ढंग से डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने डिजिटल सर्वेक्षण कार्य को शासन के विशेष प्राथमिकता वाले एवं अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए राजस्व अधिकारियों को इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के संबंध में आवश्यक जानकारियां भी दी।


**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**उपतहसील देवरबीजा**
**जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

ग्राम डगनिया ख पहनं. 05/ब-121
वर्ष 2026-27

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मीप्रसाद पिता स्व. कन्हैया निवासी ग्राम डगनिया ख पहनं 05, तहसील बेरला, उप तहसील देवरबीजा के द्वारा अपने पिता स्व. कन्हैया का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने हेतु आपके न्यायालय में आवेदन पेश चिया गया है कि कन्हैया पिता समेदास की मृत्यु ग्राम डगनिया ख पहनं 05 में दिनांक 02/03/2024 को हुआ है। तत्संबंध में इस न्यायालय में ब-121/2026-27 विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/07/2026 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। उक्त नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 06/07/2026 को जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, देवरबीजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**
रजिस्टर्ड ऑफिस : 501, साल्कॉन ऑरम, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली-110025
CIN : U65900DL2020PLC366027

**नीलामी सूचना**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के संबंधित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक की ओर से कई बार मांग और नोटिस व्यक्तिगत नोटिस सहित भेजे जाने के बावजूद, उन्होंने बैंक से लिए गए गोल्ड लोन का हिसाब-किताब (एडजस्टमेंट) नहीं किया है। सभी उधार लेने वालों को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास सिक्योरिटी के तौर पर रखे गए सोने के गहनों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए समय सुबह 11.00 बजे तय किया गया है और नीलामी उसी ब्रांच में होगी जहाँ से लोन लिया गया था। कर्ज़ लेने वाले, खाताधारक और आम जनता सहित सभी लोग नीलामी की शर्तों और नियमों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

**नीलामी की तारीख 30-07-2026 को @ सुबह 11:00 बजे है**

| सि. क्र. | शाखा | खाता नंबर | खाताधारक का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | इंदौर | 101042522255 | पवन उपाध्याय |

बैंक के पास नीलामी से किसी भी खाते को हटाने या बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

**शपथ-पत्र**

मैं तिरथराम सोनकर उम्र 40 वर्ष प्रेमलाल सोनकर निवासी वार्ड 15 सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. 493101 एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूं तथा निम्नानुसार घोषणा करता हूं:-

1. यह कि मैं वार्ड 15 सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. 493101 का स्थाई निवासी हूं।
2. यह कि मैं अपनी नाबालिग पुत्री का आधार कार्ड में परिवर्तन कराना चाहता हूं पुराना नाम **चितरेखा** से बदलकर **चित्ररेखा** (**CHITRREKHA**) पिता **तिरथराम सोनकर** (**TIRATH RAM SONKAR**) कराना चाहता हूं।
3. यह कि मेरी पुत्री के पुराना नाम से किसी भी न्यायालय में प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में कोई ऋण की राशि शेष है।
4. यह कि मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. यह कि मेरी पत्नी मंजू को हमारे नाबालिग पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
6. मैं यह शपथपत्र अपने पूरे होशो हवाश में रहकर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
तिरथराम

**न्यायालय तहसीलदार पाटन**
**जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण ब/121
वर्ष 2026

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र सोनकर पिता राजकुमार सोनकर निवासी खुड़मुड़ा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे स्वयं सुरेन्द्र सोनकर पिता राजकुमार सोनकर का जन्म दिनांक 13.07.1997 को खुड़मुड़ा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग में जन्म होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक सुरेन्द्र सोनकर पिता राजकुमार सोनकर निवासी खुड़मुड़ा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 24/07/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/06/2026 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**उपतहसील देवरबीजा**
**जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता/ग्रामवासी ग्राम बहेरघट पहनं 12 रानिमं कोदवा, तहसील बेरला, उपतहसील देवरबीजा, जिला बेमेतरा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक संतोष पिता माखनलाल जाति भट्ट निवासी ग्राम बहेरघट, तहसील बेरला, उपतहसील देवरबीजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदक संतोष भट्ट की माता जुगनबाई पति माखनलाल की मृत्यु दिनांक 11/08/2019 को ग्राम बहेरघट मे होना बताया गया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, पंचनामा, चालान तथा आधार कार्ड की छांयाप्रति संलग्न कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निवेदित किया है।

आवेदक संतोष भट्ट की माता जुगनबाई पति माखनलाल के मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24/07/2026 तक स्वयं अथवा किसी विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आक्षेप प्राप्त होने पर कोई सुनवाई नहीं की जायेगी।

अतः आज दिनांक 10/06/2026 को यह ईश्तहार मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, देवरबीजा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धनराज पिता रामावतार उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम हथमुड़ी, तहसील थान खम्हरिया, जिला-बेमेतरा छ.ग. राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्री का हिन्दी नाम **वीमा** तथा अंग्रेजी नाम **VIMA** से बदलकर हिन्दी नाम **भीमा** तथा अंग्रेजी नाम **BHIMA** रख लिया है।

अत: समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्थानों के दस्तावेजों तथा सभी प्रमाण-पत्रों में मेरी सुपुत्री को नया नाम हिन्दी में **भीमा** तथा अंग्रेजी मे **BHIMA** के नाम से जाना पहचाना जावें।

शपथकर्ता
धनराज

**न्यायालय तहसीलदार देवकर,**
**जिला- बेमेतरा (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक खेमलाल साहू पिता जीवराखन जाति तेली निवासी ग्राम हाथीडोब तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम हाथीडोब में दिनांक 09.10.1990 को आवेदक के पिता मंगल की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष/दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 05.08.2026 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, देवकर, जिला- बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार आरंग,**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक.........ब/121
ग्राम.............

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निराशा साहू पिता श्री लतेल साहू ग्राम अकोलीकला, तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पुत्र/पुत्री/ पिता/माता/दादा/दादी गायत्री के जन्म/मृत्यु दिनांक 14/10/2003 है, का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 31/07/2026 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, आरंग

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा ( छ.ग. )**
**मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना प्रथम बार (क्र.-05)**

क्रमांक/790/ग्रा.यां.सेवा/2026-27 — दंतेवाड़ा, दिनांक 17/07/2026

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल आमंत्रण निविदा दिनांक 10/08/2026 तक आमंत्रित की जाती है:-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (रु. लाख में) | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | एजुकेशन सिटी हिल टॉप कटेकल्याण में पेयजल व्यवस्था कार्य भाग-1 (विद्युतीकरण सहित) वि.खं.-कटेकल्याण | 29.24 लाख | दिनांक 10/08/2026 शाम 5.00 बजे तक |
| 2 | एजुकेशन सिटी हिल टॉप कटेकल्याण में पेयजल व्यवस्था कार्य भाग-2 (विद्युतीकरण सहित) वि.खं.-कटेकल्याण | 27.06 लाख | |
| 3 | छू-लो आसमान आश्रम में 5 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य कारली (विद्युतीकरण छोड़कर) वि.खं.-गीदम | 39.14 लाख | |
| 4 | नेरली समूह ग्रामीण जल प्रदाय योजना के तहत ग्राम-बेनपाल में अतिरिक्त पाईप लाईन बिछाकर शुद्ध पेयजल व्यवस्था कार्य, वि.खं.-कुआकोंडा | 27.71 लाख | |
| 5 | नेरली समूह ग्रामीण जल प्रदाय योजना के तहत ग्राम-मदाड़ी में अतिरिक्त पाईप लाईन बिछाकर शुद्ध पेयजल व्यवस्था कार्य, वि.खं.-कुआकोंडा | 28.84 लाख | |
| 6 | नेरली समूह ग्रामीण जल प्रदाय योजना के तहत ग्राम-समलवार में अतिरिक्त पाईप लाईन बिछाकर शुद्ध पेयजल व्यवस्था कार्य, वि.खं.-कुआकोंडा | 37.14 लाख | |
| 7 | नेरली समूह ग्रामीण जल प्रदाय योजना के तहत ग्राम-चोलनार एवं कलेपाल में अतिरिक्त पाईप लाईन बिछाकर शुद्ध पेयजल व्यवस्था कार्य, वि.खं.-कुआकोंडा | 28.66 लाख | |

2. उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in में दिनांक 24/07/2026 से 07/08/2026 तक देखी/डाऊनलोड की जा सकती है।

जी-262702227/6

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दंतेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक/01/रा.वि./न.पा./2026 — बलौदाबाजार, दिनांक 16.07.2026

**-:: भवन/भूमि दावा आपत्ति ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बलौदाबाजार नगरीय सीमा क्षेत्रांतर्गत निम्नांकित जनों द्वारा प्रकरणों का नामांतरण हेतु आवेदन मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | क्रेता/हस्तांतरिती का नाम/ पिता/ पति का नाम | विक्रेता/हस्तांतरणकर्ता का नाम/पति/पिता का नाम | वार्ड क्र | खसरा नं./ प्लाट नं. | वर्गफूट | दस्तावेज का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अन्नु सिंह ठाकुर पति श्री विकास सिंह ठाकुर सा. बलौदाबाजार | श्री पुरनलाल साहू पिता मनोहर लाल साहू | 06 | नजूल शीट नं. 7 का भाग | 720 | आबादी |
| 2 | श्रीमती श्रेया सिंह ठाकुर पति श्री विशाल सिंह ठाकुर सा. बलौदाबाजार | श्री पुरनलाल साहू पिता मनोहर लाल साहू | 06 | नजूल शीट नं. 14 सी प्लाट नं. 7 का भाग | 595 वर्गफीट | आबादी आवास |
| 3 | श्रीमती अनिता देवी गुप्ता पति श्री अशोक कुमार गुप्ता सा. बलौदाबाजार | श्री भुपेन्द्र दास आनंद दास पिता पुरन दास | 06 | भू-खंड क्र. 3/16 | 493 वर्गफीट | आबादी आवास |
| 4 | श्री आशीष अग्रवाल पिता स्व. श्री उत्तम अग्रवाल सा. बलौदाबाजार | श्री सुदेशकांत विश्नोई पिता स्व. श्री शंकर लाल विश्नोई | 19 | नजूल शीट नं. 10 प्लाट नं. 10/10 | 797 वर्गफीट | बिक्रीनामा |
| 5 | श्री आकाश अग्रवाल पिता स्व. श्री उत्तम अग्रवाल सा. बलौदाबाजार | श्री सुदेशकांत विश्नोई पिता स्व. श्री शंकर लाल विश्नोई | 19 | नजूल शीट नं. 10 प्लाट नं. 10/7 | 798 वर्गफीट | बिक्रीनामा |
| 6 | श्री आलोक अग्रवाल पिता स्व. श्री उत्तम अग्रवाल सा. बलौदाबाजार | श्री सुदेशकांत विश्नोई पिता स्व. श्री शंकरलाल विश्नोई | 19 | नजूल शीट नं. 10 प्लाट नं. 10/9 | 798 वर्गफीट | बिक्रीनामा |

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 धारा 150 अंतर्गत नगरपालिका मांग पंजी में स्वामित्व के रुप में नामांतरण हेतु संबंधित प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित आपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते है, तत्संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा विचार विमर्श किया जा सकता है, प्रकाशन के समयावधि पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार

## न्यूज ब्रीफ

### निजी विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें संचालित, जांच की मांग



**महासमुंद।** जिला एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी ने कलेक्टर महासमुंद को पत्र सौंपकर जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें अनिवार्य रूप से संचालित किए जाने एवं अभिभावकों को विशेष दुकानों से पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किए जाने के मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शाहबाज राजवानी ने कहा कि लगातार ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कई निजी विद्यालय शासन एवं शिक्षा विभाग के निर्देशों की अनदेखी करते हुए छत्तीसगढ़ बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशनों की पुस्तकें संचालित कर रहे हैं। साथ ही अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालते हुए उन्हें निर्धारित दुकानों से ही पुस्तकें एवं शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है।उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि जांच के दौरान केवल विद्यालय प्रबंधन के प्रस्तुत दस्तावेजों पर निर्भर न रहकर संबंधित विद्यालयों की कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों की पुस्तकों, कॉपियों एवं अध्ययन सामग्री का प्रत्यक्ष निरीक्षण कराया जाए, जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि जांच में अनियमितताएं पाई जाती हैं तो संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के हितों की रक्षा हो सके और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे। इस अवसर पर एनएसयूआई ने जिला प्रशासन से इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

### प्रदेश साहू संघ किसान प्रकोष्ठ द्वारा संगठन की कार्यकारिणी का गठन



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ किसान प्रकोष्ठ द्वारा संगठन की कार्यकारिणी का गठन करते हुए महासमुंद जिले के मानिक साहू को किसान प्रकोष्ठ में सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन द्वारा जारी मनोनयन सूची में मानिक साहू का नाम शामिल करते हुए उन्हें यह दायित्व प्रदान किया गया है। मानिक साहू को मिली इस नई जिम्मेदारी से उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। किसान हितों से जुड़े विषयों को संगठन के माध्यम से मजबूती से उठाने तथा किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जताई जा रही है। मानिक साहू ने इस जिम्मेदारी के लिए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे और किसानों के हित में निरंतर कार्य करते हुए उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। श्री साहू के मनोनयन पर क्षेत्र के दिग्विजय साहू गजेंद्र भूपेंद्र लेखराम द्वारिका भोज कुलेश्वर बलराम रोहित संतोष भूषण भवानी कमलू भरत मिथलेश टोहल कुमार देवलाल नरेन्द पुष्कर सहित किसान एवं सामाजिकजनों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## निधन



### श्रीमती रामबाई कंवर

**महासमुंद।** ग्राम कुकराडीह निवासी 90 वर्षीय श्रीमती राम बाई कंवर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया।जिसमें ग्रामीण जन उपस्थित थे। वे नाथूराम की माता व बीरसिंह, दिनेश, बसंत की दादी थी।

# कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक

### आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 30 सितंबर तक नि :शुल्क सुविधा

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज समय-सीमा की बैठक के पश्चात जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में आधार का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किए जाए। उन्होंने कहा कि अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 30 सितंबर 2026 तक निःशुल्क सुविधा प्रदान किया गया है। इसके पश्चात 125 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क लिया जाएगा।

कलेक्टर श्री लंगेह ने निर्देश दिए कि 5 वर्ष एवं 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का आधार बायोमेट्रिक अपडेट निर्धारित समय-सीमा के भीतर कराया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि आधार का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट समय पर नहीं कराने से हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्ति, बैंकिंग सेवाओं तथा अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है। इसलिए सभी पात्र बच्चों एवं उनके अभिभावकों को समय रहते आधार सेवा केंद्र अथवा अधिकृत आधार नामांकन एवं अपडेट केंद्र में पहुंचकर यह प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया जाए। कलेक्टर श्री लंगेह ने अधिकारियों से कहा कि स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाकर पात्र बच्चों की सूची तैयार करें तथा 30 सितंबर 2026 की समय-सीमा के भीतर उनका अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 10 लाख 44 हजार 366 बच्चों का आधार पूर्ण हो गया है। वहीं एमबीयू के तहत 5 से 17 वर्ष आयु के 23 हजार 583 बच्चों का आधार अपडेट शेष है, जिसे अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत 0 से 5 वर्ष के बच्चों का विशेष अभियान चलाकर आधार पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं आपसी समन्वय कर निर्धारित तिथि तक पूर्ण करने कहा गया है। बैठक में राज्य स्तर नोडल अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मौजूद थे।

# शासन द्वारा नामांकित एल्डरमैन पार्षदों का स्वागत-सम्मान

### नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा - पूरे 30 वार्डों में मिलेगा मार्गदर्शन

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** छ.ग. शासन द्वारा नामांकित एल्डरमेन पार्षदों के शपथ ग्रहण के पश्चात न.पा. उपाध्यक्ष कक्ष में स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।न.पा. उपाध्यक्ष देवीचंद राठी व पार्षदों द्वारा नामांकित पार्षद गण मोहन साहू, हनीश बग्गा, प्रभा साहू, लाल विजय सिंहदेव, मधु यादव को गुलदस्ता व दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर न.पा. उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने नव नियुक्त एल्डरमेनों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी नियुक्त पार्षदों से शहर विकास में आपके अनुभव का लाभ मिलेगा। आप केवल एक वार्ड के ही पार्षद नहीं बल्कि पूरे 30 वार्ड में आपका मार्गदर्शन पालिका को प्राप्त होगा।

नव नियुक्त एल्डरमेन पार्षदों ने छ.ग. शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, कृषि एवं बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, राज्य स्काउट गाइड प्रमुख आयुक्त इंद्रजीत गोल्डी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र शिका व स्थानीय भाजपा जनों का पार्षद नियुक्त होने पर आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी, पार्षदगण पियूष साहू, माखन पटेल, चंद्रशेखर बेलदार, धनेन्द्र चंद्राकर, राहुल आपड़े, रिंकू चंद्राकर, भाजपा नेता पवन साहू ने भी नामांकित पार्षदों का स्वागत-सम्मान किया।

# जिला अस्पताल में प्रसूता की मौत ने खोली स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल, जवाबदेही तय करें सरकार: चंद्राकर

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** शासकीय जिला चिकित्सालय (मेडिकल कॉलेज) में प्रसव के दो दिन बाद एक महिला की हुई मृत्यु ने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। यह केवल एक परिवार का दुख नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र के लिए चेतावनी है। यदि उपचार में किसी भी स्तर पर लापरवाही हुई है, तो इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होना आवश्यक है।

पूर्व कार्यकारी नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण कुमार (कृष्णा) चंद्राकर ने कहा कि अस्पताल में आने वाला हर मरीज इस विश्वास के साथ आता है कि उसे समय पर और बेहतर इलाज मिलेगा। यदि किसी मरीज की जान उपचार में देरी, समुचित निगरानी के अभाव या प्रशासनिक लापरवाही के कारण चली जाती है, तो यह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की विफलता है। उन्होंने कहा कि यदि जिला अस्पताल में मरीज का समुचित इलाज संभव नहीं था, तो उसे समय रहते उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर क्यों नहीं किया गया? प्रसव जैसी संवेदनशील स्थिति में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियमित



निगरानी क्यों नहीं थी? इन सभी सवालों का जवाब स्वास्थ्य विभाग को जनता के सामने देना चाहिए।

श्री चंद्राकर ने कहा कि सरकार केवल जांच की औपचारिकता पूरी करने तक सीमित न रहे, बल्कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई करे। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में किसी भी मरीज को ऐसी लापरवाही का सामना न करना पड़े।

# सिटी बस की टक्कर से घायल बैंककर्मी यशवंत झुलपे की इलाज के दौरान मौत

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** सिटी बस की कथित लापरवाही से हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल महासमुंद निवासी 26 वर्षीय यशवंत झुलपे की इलाज के दौरान मौत हो गई। यशवंत रायपुर स्थित एक बैंक में कार्यरत थे। घटना के बाद उनका रायपुर के नारायणा अस्पताल में उपचार चल रहा था। हालत गंभीर होने पर उन्हें डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 21 जुलाई को शाम करीब 4 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया।

गौरतलब है कि 7 जुलाई को शाम करीब 7:30 बजे यशवंत अपने कार्यालय से रायपुर स्थित निवास की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सिटी बस के चालक द्वारा कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी गई। दुर्घटना के बाद यशवंत गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि टक्कर मारने के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए रायपुर स्थित नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी था।



बताया गया कि 20 जुलाई को यशवंत को नारायणा अस्पताल से डीकेएस अस्पताल स्थानांतरित किया गया, जहां उपचार के दौरान 21 जुलाई को शाम करीब 4 बजे उनका निधन हो गया। युवा बैंककर्मी के असमय निधन की खबर से महासमुंद स्थित उनके परिवार और परिचितों में शोक की लहर है। यशवंत झुलपे सुभाष नगर, वार्ड क्रमांक 21, महासमुंद निवासी श्री संतोष झुलपे के 26 वर्षीय पुत्र थे। उनके बड़े पिता छन्नूलाल झुलपे महासमुंद में डिप्टी कलेक्टर के पद पर सेवाएं दे चुके हैं, जबकि उनके चाचा सितोष कुमार झुलपे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में शिक्षक हैं। अंतिम यात्रा 22 जुलाई को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान सुभाष नगर, वार्ड क्रमांक 21, महासमुंद से निकाली जाएगी।

# 'आप' ने खुशहाली एवं समरसता के लिए किया हनुमान चालीसा पाठ

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी द्वारा देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और सामाजिक समरसता की कामना को लेकर आज सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया।महासमुंद विधानसभा के ग्राम बावनकेरा स्थित मूंगई माता प्रांगण में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में विधानसभा प्रभारी संजय यादवऔर जिला महासचिव मधुराम यादव के मार्गदर्शन में एवं खल्लारी विधानसभा के कोमाखान में विधानसभा प्रभारी सकील खान,जिला कोषाध्यक्ष कैलाश जैन, के मार्गदर्शन में हनुमान चालीसा का पाठ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आप नेताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान आप प्रदेश सचिव संजय यादव ने कहा कि आज देश और प्रदेश अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे समय में समाज में भाईचारा, सद्भाव



और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। हनुमान चालीसा पाठ जैसे आध्यात्मिक आयोजन लोगों के मन में विश्वास, साहस और एकजुटता की भावना को मजबूत करते हैं।उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी केवल राजनीतिक मुद्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, एकता और समरसता को बढ़ावा देने के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। इस आयोजन का उद्देश्य सभी वर्गों को जोड़ना और प्रदेश में शांति एवं विकास के मार्ग को सुदृढ़ करना है। अंत में देश-प्रदेश की उन्नति, किसानों की खुशहाली, युवाओं के उज्जवल भविष्य और समाज में भाईचारे की भावना को और अधिक सशक्त बनाने की प्रार्थना की गई।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर जिला अध्यक्ष राकेश झाबक , जिला सचिव मोहन साहू, ब्लाक अध्यक्ष भागवत साहू व प्रेम लाल टंडन, लोकेश्वर सेन,अमर दास, मीनाक्षी ठाकुर, कैलाश जैन,गिरवर यादव, रेवाराम धीवर, आशीष वाकड़े,भूषण सिन्हा,मेहतर मिर्धा, तेजराम यादव, सुरीत विश्वकर्मा, मोती विश्वकर्मा, राजू तांडे, बिसौहा ध्रुव, तामेश्वर वैष्णव, कोमल खुसरो, बिमला साहू, ऊषा यादव, गीता साहू, मेम बाई, रुक्मणि, श्याम बाई, सूरत बाई, भान कुमारी, सोनसिन बाई, सावित्री, खेमश्री सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

# बीटीआई रोड पर जगह-जगह गड्ढे, मरम्मत के लिए नपाध्यक्ष ने ईई से की चर्चा

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** शहर के प्रमुख मार्गों में से एक बीटीआई रोड चौड़ीकरण कार्य के कारण आमजनों को हो रही भारी परेशानी को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने संज्ञान लेते हुए जनहित में संवेदनशील पहल की है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता से चर्चा कर इस व्यस्ततम मार्ग की शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि बारिश के मौसम में भी लोगों का आवागमन बाधित न हो।वर्तमान में बीटीआई रोड पर चौड़ीकरण का कार्य जारी है।

निर्माण के लिए सड़क को उखाड़कर गिट्टी बिछाई जा चुकी है और रोलर भी चलाया जा चुका है। लेकिन यह मार्ग शहर का सबसे व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां हर समय वाहनों का दबाव बना रहता है। इसी वजह से नई बिछी गिट्टी उखड़ गई है और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। बरसात शुरू होने से निर्माण कार्य भी रोकना पड़ा है। नतीजा यह है कि रोजाना इसी सड़क से गुजरने वाले हजारों लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से कलेक्ट्रेट आने वाले फरियादी, न्यायालय जाने वाले वादकारी और अधिवक्ता, सरकारी कार्यालयों में काम से आने वाले कर्मचारी, तथा आसपास के दर्जनों गांवों से पढ़ाई और उपचार के लिए महासमुंद आने वाले स्कूली बच्चे और ग्रामीण सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। दोपहिया वाहन चालक गड्ढों के कारण कई बार गिरते-गिरते बचते हैं। एम्बुलेंस और आपातकालीन वाहनों को भी समय पर निकलने में परेशानी हो रही है। बारिश में गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और बदतर हो जाती है। आम नागरिकों की परेशानियों को देखते हुए अध्यक्ष श्री साहू ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पीडब्ल्यूडी के ईई से विस्तार से चर्चा की। चर्चा में उन्होंने दो बातों पर विशेष जोर



दिया। पहला, शास्त्री चौक से कलेक्टर कार्यालय तक के मार्ग पर जहां सबसे अधिक गड्ढे हैं, वहां तत्काल पैचवर्क कर मरम्मत की जाए। दूसरा, जब तक मानसून के बाद स्थायी चौड़ीकरण कार्य शुरू नहीं होता, तब तक आवागमन सुचारू रखने के लिए समय समय पर मार्ग पर निगरानी रखा जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को इस जरूरी मार्ग पर असुविधा नहीं होनी चाहिए।

श्री साहू ने कहा कि बीटीआई रोड केवल एक सड़क नहीं है, यह आम आदमी की शासन तक पहुंच का रास्ता है। इसलिए इस मार्ग को हर हाल में आवागमन योग्य बनाए रखना विभाग की नैतिक जिम्मेदारी है। अध्यक्ष से चर्चा के बाद विभाग ने शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया है। नगर पालिका अध्यक्ष की इस पहल से सड़क मरम्मत की उम्मीद जगी है।

# आईटीबीपी जवान खिलेश ध्रुव को नम आंखों से अंतिम विदाई, महापौर रोहरा ने अर्पित की भावभीनी

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम शंकरदाह निवासी एवं भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) में पदस्थ जवान खिलेश कुमार ध्रुव (32 वर्ष) का रविवार, 19 जुलाई को गुवाहाटी (असम) में असामयिक निधन हो गया। देश की सेवा में समर्पित एक युवा जवान के निधन की खबर से पूरे धमतरी जिले सहित उनके गृहग्राम शंकरदाह में शोक की लहर दौड़ गई। परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों और क्षेत्रवासियों ने इस अपूरणीय क्षति पर गहरा दुख व्यक्त किया।

मंगलवार को जवान खिलेश कुमार ध्रुव का पार्थिव शरीर रायपुर रोड से होते हुए धमतरी पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं समाज के लोग तिरंगा हाथों में लेकर अंतिम यात्रा में शामिल हुए। पूरा वातावरण ÷खिलेश कुमार अमर रहें÷ और ÷भारत माता की जय÷ के नारों से गूंज उठा। सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। जैसे ही पार्थिव शरीर उनके गृहग्राम शंकरदाह पहुंचा, पूरे गांव में शोक का माहौल छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था और गांववासियों की आंखें भी नम हो गईं। हर किसी ने अपने वीर जवान को श्रद्धासुमन अर्पित कर अंतिम विदाई दी। इसके पश्चात गृहग्राम शंकरदाह में पूरे राजकीय सम्मान एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ जवान खिलेश कुमार ध्रुव का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर महापौर श्री रामू रोहरा ने भी उपस्थित होकर दिवंगत जवान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि खिलेश कुमार ध्रुव ने राष्ट्र सेवा और कर्तव्यनिष्ठा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। देश



उनके योगदान को कभी नहीं भूल सकता।

उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय खिलेश कुमार ध्रुव अपने सरल, मिलनसार एवं कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के कारण परिवार, समाज और अपने साथियों के बीच अत्यंत सम्मानित थे। उन्होंने देश की सीमाओं की सुरक्षा को अपना सर्वोच्च धर्म मानते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा की। उनका असामयिक निधन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे धमतरी जिले के लिए अपूरणीय क्षति है। वीर जवान की स्मृतियां सदैव लोगों के हृदय में जीवित रहेंगी और उनका राष्ट्रप्रेम आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

# धमतरी में युवाओं को एआई एवं डिजिटल कौशल से सशक्त बनाने की पहल

### भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक में "PIVOT by Verbly AI" उन्मुखीकरण सत्र आयोजित, 15 अगस्त से प्रारंभ होगा प्रशिक्षण केंद्र

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल कौशल एवं भविष्य की रोजगार आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में जिला प्रशासन धमतरी द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक, धमतरी में "PIVOT by VerblyAI" कार्यक्रम के संबंध में एक विशेष जानकारी एवं उन्मुखीकरण (ओरिएंटेशन) सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की इकाई के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सत्र में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एवं डिजिटल तकनीकों के तेजी से बढ़ते उपयोग के कारण रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर विकसित हो रहे हैं। ऐसे में युवाओं के लिए केवल शैक्षणिक योग्यता ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक डिजिटल दक्षता, समस्या समाधान क्षमता, संचार कौशल तथा नवाचार की समझ भी अत्यंत आवश्यक हो गई है। PIVOT by VerblyAI कार्यक्रम इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, ताकि विद्यार्थी उद्योग जगत की अपेक्षाओं के अनुरूप स्वयं को विकसित कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन, रोजगार-योग्यता (Employability) कौशल, एआई आधारित आधुनिक टूल्स के व्यावहारिक उपयोग, डिजिटल उत्पादकता, इंटर्नशिप के अवसर तथा उद्यमिता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि बदलते तकनीकी परिवेश में निरंतर सीखने (Continuous Learning) और कौशल उन्नयन (pskilling) का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है।



जानकारी दी गई कि नगर निगम धमतरी परिसर में जिला प्रशासन के सहयोग से स्थापित किए जा रहे PIVOT by VerblyAI प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ 15 अगस्त 2026 से किया जाएगा। इस केंद्र में एक समय में लगभग 300 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की क्षमता होगी। छह माह की संरचित प्रशिक्षण यात्रा के अंतर्गत प्रतिभागियों को निःशुल्क करियर काउंसलिंग, एआई एवं डिजिटल स्किल प्रशिक्षण, उद्योग आधारित प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप एवं जॉब कनेक्ट सहायता तथा उद्यमिता मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि भविष्य में रोजगार के अवसर तेजी से तकनीक आधारित होते जा रहे हैं। ऐसे में समय रहते डिजिटल एवं एआई कौशल अर्जित कर युवा न केवल बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि स्वयं का नवाचार आधारित उद्यम भी स्थापित कर सकते हैं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि धमतरी के युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी बनाया जाए।

आयोजकों ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थियों के लिए शीघ्र ही करियर काउंसलिंग एवं पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। विद्यार्थियों से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने और अपने कौशल विकास के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया गया।इस अवसर पर भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के प्रतिनिधि तथा PIVOT by VerblyAI टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य जी का चातुर्मास व्रत अनुष्ठान महामहोत्सव सलधा में

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का चातुर्मास व्रत अनुष्ठान महामहोत्सव बेमेतरा के सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में आयोजित होने जा रहा है। इसकी जानकारी देने व कार्यक्रम में शामिल होने नगरवासियों को आमंत्रित करने चातुर्मास आयोजन समिति व स्वामी शंकराचार्य जी के शिष्य आनंद उपाध्याय महासमुंद पहुंचे थे। नगर पुरोहित पंकज तिवारी के निवास में नगर वासियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि कलिकाल में राजसूय और अश्वमेध यज्ञ अनुष्ठत नहीं हो सकता लेकिन शास्त्रों में इसे प्राप्त करने का विधान बताया गया है।

चातुर्मास के दौरान दांडी साधु संतों की तन मन धन से जो सेवा करता है उसे दोनों यज्ञ का फल प्राप्त हो जाता है यह पहला अवसर है जब छत्तीसगढ़ में किसी शंकराचार्य का चातुर्मास हो रहा है पंडित पंकज तिवारी जी को नगर वासियों को आमंत्रित करने का जिम्मा सौंपते हुए उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में अधिक से अधिक लोग शामिल हो और इसका आमंत्रण घर-घर पहुंचे। शंकराचार्य जी महाराज चातुर्मास 29 जुलाई से 26 सितंबर तक आयोजित है। समय काल परिस्थिति के अनुसार दो माह के इस आयोजन में प्रत्येक पक्ष को एक-एक मास माना गया है। चातुर्मास अवधि में प्रतिदिन पंचदेव पूजा की जाएगी सुबह 4:30 बजे श्री गणेश पूजन, प्रातः 6.75 बजे सूर्य पूजन, 9.45 बजे विष्णु पूजन, अपरान्ह 3.45 बजे शिव पूजन और शाम 6.45 शक्ति पूजन किया जाएगा। इसके अलावा प्रतिदिन सुबह 8 से 9:30 बजे तक वेदांत पाठ और शाम 4:00 से 6:00 तक शंकराचार्य जी महाराज का प्रवचन होगा। साथ ही 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा,12 अगस्त को हरियाली अमावस्या,14 अगस्त को करपात्री जी जयंती, 19 अगस्त को गोस्वामी तुलसीदास जयंती, 28 अगस्त को रक्षा सूत्र बंधन, 4 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव तथा 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी व्रत भी मनाया जाएगा। पश्चात 26 सितंबर को चातुर्मास व्रत समापनोत्सव का आयोजन होगा। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पुरोहित पंकज तिवारी के निवास में गिरजाशंकर चंद्राकर, मूलचंद लढ्ढा, आकाश पांडेय,ऐश्वर्या तिवारी, तारा चंद्राकर, मीना चंद्राकर,निरंजनाचंद्राकर, बाबूलाल साहू, चंदन



गोस्वामी आदि मौजूद थे।

#### होंगे एक साथ सवा लाख शिवलिंग के दर्शन

सलधा में सवा लाख शिवलिंग स्थापित करने और भव्य मंदिर निर्माण करने के लिए जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरुपानंद सरस्वती जी महाराज और स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज जी के सानिध्य में आधारशिला रखी गई थी। यहां भव्य मंदिर निर्माण किया जा रहा है। मंदिर में सवा लाख शिवलिंग की स्थापना की जा रही है। लगभग 5 एकड़ भूमि में मंदिर निर्माण हो रहा है। मंदिर परिसर में सौर ऊर्जा से बिजली की व्यवस्था की जाएगी। 5 हजार लोग एक साथ मंदिर परिसर में खड़े हो सकेंगे। यहां एशिया का सबसे बड़ा शिव मंदिर स्थापित किया जा रहा है मंदिर में आए भक्तों को एक साथ सवा लाख शिवलिंग के दर्शन होंगे। 6 मार्च 2027 से महाशिवरात्रि अवसर पर शिवलिंग स्थापना मुहूर्त आरंभ होगा। इस पुनीत कार्य में कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है समिति द्वारा एक शिवलिंग के लिए 51 सौ की राशि निर्धारित की गई है और शिवलिंग उन्हीं की आराध्य के नाम से रखा जाएगा जैसे राम के नाम पर रामेश्वर।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### स्कूल में शिवरतन ने छात्राओं को बांटे साइकिल



**भाटापारा।** स्वामी आत्मानंद पंचम यादव दीवान शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ ज़ाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजित कार्यक्रम का शुज़ारंज़ किया। उक्त अवसर पर उन्होंने शासन की योजना के तहत सरस्वती सायकल योजना के अधीन 164 छात्राओं को साइकल वितरण किया साथ ही मेघावी छात्रों को सम्मानित किया। प्रज़ारी प्राचार्य शैलेन्द्र नामदेव की मांग पर उन्होंने विद्यालय परिसर में प्रार्थना शेड निर्माण, अतिरिक्त कक्ष व बाउंड्रीवाल निर्माण की घोषणा की। उक्त अवसर पर प्रदीप अनंत, सुनील यदु, सतीश तलरेजा, कुंजराम कोसले, हेमंत ध्रुव, बृजेश निषाद, फुटान, रवीशंकर पांडे, शत्रोहन रात्रे सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### निःशुल्क साइकिल वितरण की गई



**भाटापारा।** ब्लॉक के ग्राम सिल्वा खपरी में स्थित हायर सेकण्डरी स्कूल में अध्ययनरत कक्षा नवमी के 46 छात्राओं क ो शाला विकास समिति के अध्यक्ष नारायण यादव व पिंकी यादव की उपस्थिति में शासन की सरस्वती योजना के तहत सायकल का वितरण निः शुल्क रूप से किया गया। उक्त अवसर पर शिव कुमार सोनी , लिलेश्वरी साहू सहित स्कूल स्टॉफके अन्य लोग उपस्थित थे।

### जलियावालां की पुण्यतिथि पर भंडारा हुआ

**भाटापारा।** क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे मोहम्मद याकुब जलियावाला की पुण्यतिथि पर प्रसादी ज़ण्डारा का आयोजन कर लोगो को निः शुल्क ज़ेजन व प्रसाद उपलब्ध कराया गया। उक्त मौके पर यासिन जलियावाला , शादाब जलियावाला , रफ़िक्र जलियावाला, कांग्रेस नेत्री लक्ष्मी पांडेय , मोहम्मद अय्युब बाठिया ,सचिन्द्र शर्मा सहित अन्य लोग बड़ी तादाद में मौजूद थे।



# समय-सीमा बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश, लंबित प्रकरणों का समय पर करें निराकरण

## खरीफ फसलों के लिए किसानों को उपलब्ध कराएं सभी प्रकार की सुविधाः कलेक्टर

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।**कलेक्टर बीएस उइके ने जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को समय-सीमा से संबंधित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे कि शासन के मंशानुरूप आम जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। कलेक्टर श्री उइके ने आज जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने सुशासन तिहार,सीएम हेल्पलाईन,पीजी ऑनलाईन पोर्टल, कलेक्टर जनदर्शन तथा उच्च न्यायालय से संबंधित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सभी प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर,अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में श्री उइके ने जिले में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की।इसके लिए उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बचे हुए लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्वक निराकरण करने को कहा।इस मौके पर कलेक्टर ने भारत सरकार के पीजी ऑनलाईन पोर्टल में प्राप्त आवेदनों की निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को विशेष प्राथमिकता के साथ पीजी ऑनलाईन पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में उन्होंने जिले के सभी अधिकारी कर्मचारियों के आधार बेस्ड बायोमैट्रिक उपस्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की।उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने सुबह 10 बजे कार्य में उपस्थिति के दौरान तथा शाम 5.30 बजे कार्यालय छोड़ते वक्त अनिवार्य रूप से अपनी बायोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों को इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

बैठक में श्री उइके ने समय-सीमा की बैठक में कृषि विभाग की योजनाओं एवं तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राहियों की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में ब्लॉकवार एग्री स्टैक पंजीयन की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए लंबित पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पात्र किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए।सहकारी क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों के भंडारण,वितरण एवं उपलब्धता की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। खरीफ वर्ष 2026 के लिए बीज भंडारण एवं वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने पर जोर दिया। कलेक्टर ने अधिकारियों से सभी संबंधित जानकारी अद्यतन रखने तथा निर्धारित समयावधि में लंबित कार्यों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भाटापारा पालिका को नाली व सड़क निर्माण के लिए पौने चार करोड़ रुपए मिले

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत में सड़क, नाली, जल निकासी और अन्य मूलजूत अधोसंरचना से जुड़े कुल 60 विकास कार्यों के लिए 3 करोड़ 74 लाख 71 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। राज्य सरकार की इस स्वीकृति से शहर के विज़िन्न वार्डों में लंबे समय से आवश्यक विकास कार्यों को गति मिलेगी और नागरिक सुविधाओं के विस्तार का रास्ता साफहोगा।

स्वीकृत राशि से नगर के विज़िन्न क्षेत्रों में सीसी रोड, बीटी रोड, सड़क सुदृढ़ीकरण, नाली एवं ड्रेनेज निर्माण तथा पुलिया निर्माण जैसे कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों के पूर्ण होने से न केवल शहर की सड़क व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि जल निकासी, स्वच्छता और आवागमन से जुड़ी समस्याओं में ज़ी राहत मिलने की उम्मीद है।उपरोक्त संबंध में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों की स्वीकृति नगर के संतुलित और सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत कार्यों का चयन वार्डों की आवश्यकता और नागरिकों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य विकास को किसी एक क्षेत्र तक सीमित रखना नहीं, बल्कि शहर के प्रत्येक वार्ड तक मूलजूत सुविधाओं का विस्तार करना है। इन कार्यों के पूरा होने से सड़क, जल निकासी, नाली और आवागमन से जुड़ी नागरिकों की समस्याओं में काफी राहत मिलेगी। कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा से किसी ज़ी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कार्य स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं वरिष्ठ ज़ाजपा नेता शिवरतन शर्मा के प्रति आज़ार व्यक्त किया है।

# सीईओ ने पंचायत सचिवों की पहली बैठक ली, विकास पर जोर

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।**जनपद पंचायत फिंगेश्वर के नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल सिंह ने पदभार संभालने के बाद ग्राम पंचायत सचिवों की पहली बैठक ली। जनपद पंचायत के सभाकक्ष में बैठक हुई।

ग्राम पंचायत सचिव संघ ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सचिव संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रशासनिक समन्वय से विकास कार्यों को नई गति दी जाएगी। अनिल सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना पंचायत अमले की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। सचिव निष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता से काम करें। ग्रामीणों से लगातार संवाद रखें। योजनाओं का समय पर असरदार क्रियान्वयन कराएं। हर पात्र हितग्राही तक लाभ पहुंचे। उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता पर जोर दिया। निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूरे हों। शासन के दिशा-निर्देशों का पालन हो। ग्रामीणों की समस्याओं का तुरंत समाधान हो। पंचायतों को आदर्श, स्वच्छ, पारदर्शी, आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी सचिव मिलकर काम करें। सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद साहू ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिव शासन और ग्रामीण जनता के बीच अहम कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अनिल सिंह के नेतृत्व में पंचायतों में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। सचिवों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा।

सचिव संघ प्रशासन के साथ समन्वय रखकर योजनाओं को जमीन पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। बैठक में पंचायतों में चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई। लंबित कार्यों के जल्द निराकरण पर चर्चा हुई। अभिलेख संधारण, स्वच्छता अभियान, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायत राज व्यवस्था सहित अन्य विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। सचिवों ने प्रशासनिक और तकनीकी विषयों पर सुझाव रखे। अनिल सिंह ने सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद साहू, झम्मन पटेल, कोमल साहू, चंद्रकांत साहू, हेमकुमार पटेल,गौकरण साहू,राजेंद्र ध्रुव,रोहित साहू, ओमप्रकाश सिन्हा, यशवंत साहू, संतोष साहू, हुकूमत साहू, गोपेश सेन, दिनु यदु, भैयाराम साहू,रेवाराम ढीढी, मूलचंद ढीढी के अलावा अन्य सचिव मौजूद रहे।

# नए पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की

समवेत शिखर संवाददाता



**भाटापारा।** पुलिस कप्तान ने क्षेत्र में शांति, कानून व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक गौरव राय द्वारा समस्त मकान मालिकों, व्यवसायियों, ग्राम प्रमुखों एवं आम नागरिकों से एक विशेष जन-अपील की है कि जिले में बाहरी व असामाजिक तत्वों की पहचान करने तथा संज़ावित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा अज़ियान चलाया जा रहा है। मकान मालिकों हेतु अनिवार्य निर्देश गौरव राय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले के सज़ी मकान मालिक, होटल, लॉज संचालक अपने यहाँ रहने वाले किराएदारों एवं पेइंग गेस्ट की पूरी जानकारी एवं दस्तावेज समाधान ऐप में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। बिना सत्यापन के किसी ज़ी अनजान व्यक्ति को मकान या दुकान किराए पर न दें। सत्यापन न कराने वाले मकान मालिकों पर कानूनी कार्रवाई की जावेगी। संदिग्धों व अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की सूचना हेतु टोल-फ्री नंबर यदि आपके आसपास, मोहल्ले, गांव या कार्यस्थल पर कोई ज़ी संदिग्ध व्यक्ति, बिना वैध पहचान पत्र के रहने वाला नागरिक या अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी/विदेशी नागरिक की जानकारी मिलती है, तो बिना किसी देरी के पुलिस के टोल-फ्री नंबर 1800 233 1905 पर तुरंत सूचित करें। सूचना देने वाले नागरिक की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। संदिग्धों एवं असत्यापित व्यक्तियों से सुरक्षा को संज़ावित खतरे एवं नुकसान आसपास के क्षेत्रों में बिना वैध पहचान या बिना सत्यापन के संदिग्ध व्यक्तियों/फेरीवालों के रहने से समाज में निम्नलिखित गंज़ीर अपराधों और सुरक्षा खतरों की आशंका बनी रहती है। चोरी व डकैती की रेकीः बाहरी फेरीवाले, कबाड़ी या कंबल/सामान बेचने वाले के ज़ेष में घूम रहे संदिग्ध दिन के समय बंद मकानों, सूने घरों व वृद्धजनों की रेकी करते हैं और रात में चोरी या डकैती जैसी वारदात को अंजाम देते हैं। साइबर ठगी एवं ऑनलाइन जालसाजीः फर्जी नाम व पते पर रहने वाले असामाजिक तत्व लॉटरी, झाड़-फूंक्र या एटीएम कार्ड बदलने के नाम पर सीधे-साधे ग्रामीण व महिलाओं से ठगी करते हैं। महिला सुरक्षा एवं नशीले पदार्थों का अवैध कारोबारः असत्यापित संदिग्ध व्यक्ति नशीले पदार्थों गांजा, नशीली गोलियां की तस्करी में संलिप्त रहते हैं तथा इनसे क्षेत्र में महिला सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रज़ाव पड़ता है। साथी ऐसे लोग महिलाओं से सोना चांदी चमकाने के नाम ठगी ज़ी करते हैं। आंतरिक सुरक्षा को खतराः अवैध बांग्लादेशी या बाहरी असामाजिक तत्व फर्जी पहचान पत्र बनाकर राष्ट्र एवं राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंज़ीर खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। गांव, वार्ड व नगर में आने वाले बाहरी फेरीवालों की सूचना दें यदि आपके गांव, वार्ड या नगर में कोई अनजान व्यक्ति, फेरीवाला, सामान बेचने वाला, जड़ी-बूटी बेचने वाला या अन्य संदिग्ध वेशजूषा में आता है, तो पहले उसकी पहचान व आधार कार्ड अवश्य देखें। किसी ज़ी प्रकार का संदेह होने पर उसकी जानकारी टोल-फ्री नंबर 1800 233 1905 पर दें।

# कलेक्टर ने नीट, जेईई जैसे प्रवेश परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को किया सम्मानित

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा के सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश परीक्षा में चयनित बच्चों को सम्मानित किया। कलेक्टर श्री उइके ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में उन्हें मोमेंटो एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर ने कहा कि दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर वे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के समर्पित प्रयासों और मार्गदर्शन को भी दिया।



इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे,डिप्टी कलेक्टर नेहा भेड़िया,हितेश्वरी बाघे सहित अन्य अधिकारियों ने चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ.कमलाकांत यादव ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी सत्रों में भी विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों तक पहुंचाने के लिए विद्यालय परिवार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण भी उपस्थित रहे।विद्यालय के कुल 33 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की। इनमें चिकित्सा क्षेत्र के प्रवेश परीक्षा नीट,बीएससी नर्सिंग एवं फार्मेसी में 16 विद्यार्थियों ने,इंजीनियरिंग एवं डिजाइन क्षेत्र के जेईई मेन्स में 4 विद्यार्थियों ने एवं एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (एनसीईटी-आईटीईपी) के बीए-बीएड पाठ्यक्रम में 13 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इस दौरान सहायक आयुक्त लोकेश पटेल तथा विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# जिले के उभरते क्रिकेट सितारों का महामुकाबला, 110 खिलाड़ियों ने आजमाया दम

## पीएम श्री स्कूल मैदान में अंडर-14, 17 व 19 वर्ग का जिला स्तरीय चयन ट्रायल हुआ

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को पीएम श्री स्कूल,गरियाबंद के खेल मैदान में जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल का आयोजन किया गया।ट्रायल में जिले के चारों विकासखंड–गरियाबंद,मैनपुर, छुरा और फिंगेश्वर–से चयनित खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।जिला स्तरीय चयन परीक्षण में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के लगभग 110 बालक खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं, बालिका वर्ग में भी गरियाबंद,मैनपुर,छुरा और फिंगेश्वर से बड़ी संख्या में खिलाड़ी ट्रायल देने पहुंचीं।खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन तकनीकी समिति द्वारा बल्लेबाजी,गेंदबाजी, फील्डिंग एवं शारीरिक दक्षता के आधार पर किया गया।

गौरतलब है कि 10 जुलाई को चारों विकासखंडों में विकासखंड स्तरीय ट्रायल आयोजित किए गए थे। इनमें चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तरीय ट्रायल के लिए आमंत्रित किया गया, जहां उनके प्रदर्शन के आधार पर आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए संभावित टीम का चयन किया जाएगा।ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों में चयन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। खेल मैदान में पूरे दिन प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बना रहा और खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।ट्रायल को सफल बनाने में नोडल अधिकारी संजीव साहू,सूरज महादिक,देवेंद्र वंजारी नंद कुमार रात्रे,निलेश देवांगन,खुमेश साहू, दानवीर साहू,देवेंद्र पांडे,महेंद्र राजपूत,महेंद्र यादव,एस. नारायण,जीतू सेन,डोमेश्वर ध्रुव,पंकज साहू तथा गोप कुमार वत्सल गुप्ता (मैनपुर) सहित अन्य खेल अधिकारियों एवं शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

चयन समिति ने बताया कि ट्रायल में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की सूची तैयार कर नियमानुसार अगले चरण की चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिले के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए यह ट्रायल अपनी प्रतिभा साबित करने का महत्वपूर्ण अवसर साबित हुआ।

# अनशनरत सोनम वांगचुक के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

समवेत शिखर संवाददाता



**फिंगेश्वर।**भारतीय किसान यूनियन (टिकैत), जिला गरियाबंद के नेतृत्व में फिंगेश्वर में राष्ट्रपति महोदया के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पर्यावरणविद् एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के आंदोलन का समर्थन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैंड में मानव श्रृंखला बनाकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि सोनम वांगचुक पिछले कई दिनों से विद्यार्थियों के हित, पर्यावरण संरक्षण तथा देश के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर आंदोलनरत हैं। भारतीय किसान यूनियन ने आरोप लगाया कि उनके शांतिपूर्ण आंदोलन को बलपूर्वक समाप्त करने का प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है।

यूनियन ने कहा कि देश में लगातार हो रहे पेपर लीक, नीट सहित विभिन्न परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अव्यवस्था के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक रूप से जिम्मेदार हैं। इसलिए उनसे तत्काल इस्तीफा लिया जाना चाहिए तथा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार किए जाएं।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कथित विकास के नाम पर जल, जंगल, जमीन और पर्यावरण का लगातार दोहन किया जा रहा है, जिससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है और स्थानीय समुदायों का विस्थापन हो रहा है।

प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, गरियाबंद जिलाध्यक्ष मदनलाल साहू फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष रेखराम साहू सहित उत्तम कुमार साहू, ललित कुमार साहू, योगेंद्र साहू, श्रीमती संतोषी साहू, भूनूराम साहू, करण कुमार, रेवती रमन, आयुष कुमार, सोमन यादव, नंदू ध्रुव, होरिलाल साहू, लखन लाल साहू, बोधनलाल साहू, प्यारीराम, गजेश्वर साहू, पदुम राम, कुलेश्वर, रोमश साहू आदि कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# विधायक की पहल से गोबरा नवापारा को मिली नई एम्बुलेंस

## नपाअध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने बताया ऐतिहासिक सौगात

समवेत शिखर संवाददाता

**नवापारा-राजिम।** गोबरा नवापारा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में विधायक इंद्र कुमार साहू के सतत प्रयासों को एक और बड़ी सफलता मिली है।

उनके विशेष प्रयास एवं पहल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोबरा नवापारा को नई संजीवनी 108 एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई, जिसका विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काट कर शुभारंभ किया गया। यह एंबुलेंस अब स्थायीरूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोबरा नवापारा में तैनात रहेगी, जिससे नगर सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को चौबीसों घंटे त्वरित आपातकालीन चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। शुभारंभ अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में समय पर चिकित्सा सहायता मिलना सबसे महत्वपूर्ण होता है और इसी उद्देश्य से गोबरा नवापारा को यह नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह वाहन सड़क दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारी, प्रसूति एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में अनेक लोगों के लिए जीवनरक्षक साबित होगा। नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू ने विधायक इंद्र कुमार साहू के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक एंबुलेंस नहीं, बल्कि नगर एवं ग्रामीण अंचल की जनता के लिए जीवन बचाने वाली अमूल्य सौगात है। उन्होंने कहा कि विधायक के निरंतर प्रयासों से गोबरा नवापारा में विकास और जनसुविधाओं का विस्तार लगातार हो रहा है तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में मिली यह सुविधा आम लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पार्षद रवि साहू, नम्मू नारायण ध्रुव, धीरज साहू, जीवनदीप समिति के सदस्य संजय साहू, मुकुंद मेश्राम, डॉ. लीलाराम साहू, श्रीमती वर्षा शर्मा, साधना सौरज, धनमती साहू, किरण सोनी, उमा कंसारी, मुकेश निषाद सहित जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।




# थामा कांग्रेस का दामन, नेताओं ने किया स्वागत

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।**जिले के मीडिया जगत से जुड़े पीतेश्वर ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।उनके कांग्रेस प्रवेश पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला एवं जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पीतेश्वर के पार्टी से जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी और उनके अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा।इस अवसर पर उन्हें कांग्रेस का गमछा पहनाकर पार्टी में विधिवत शामिल कराया गया।



पीतेश्वर ने कांग्रेस की विचारधारा और जनहित के मुद्दों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने की बात कही।उन्होंने कहा कि वे संगठन के साथ मिलकर जनता के हित में कार्य करेंगे और पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।पीतेश्वर के कांग्रेस प्रवेश पर कांग्रेस के पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, सन्नी मेमन, रमेश शर्मा, नीरज ठाकुर, राजेश साहू, छगन यादव, जुनेद खान, योगेश बघेल, अहसन मेमन, पवन सोनकर, रमेश शर्मा, मुकेश पांडे सौरभ ठाकुर, बूथ अध्यक्ष प्रेम यादव, मधु हरपाल, नंदू गोस्वामी, कादर हिंगोरा, चंद्रभूषण चौहान, उत्तम यादव, पंकज सिन्हा, मुकेश रामटेके, अमन दास मानिकपुरी, झनकार यादव, सौरभ यादव, शीला टण्डी, सरिता गिरी, प्रतिभा पटेल योगेश्वरी साहू, ममता फुलझेले, मोनिका ठाकुर, टीकेश्वरी राठौर, हेमा टण्डी, गूंलेश्वरी राठौर, योगेश्वरी साहू, सुरेखा नागेश, विमला साहू, ललिता साहू के साथ सैकड़ों महिला और पुरुष पदाधिकारी ने बधाई दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### आंशिक रूप से रद्द की गई साउथ बिहार एक्सप्रेस को किया गया रिस्टोर

**भाटापारा।** श्रावणी मेला के दौरान बाबाधाम जाने एवं लौटने वाले छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विशेष पहल पर गाड़ी संख्या 13288/13287 आरा दुर्ग आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस को पूर्ण मार्ग पर पुनः बहाल रिस्टोर करने का निर्णय लिया गया है। इससे सावन माह में यात्रा करने वाले हजारों श्रद्धालुओं की यात्रा पहले की तरह सुगम एवं सुविधाजनक होगी। उल्लेखनीय है कि दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में कंसबहाल धारुआडीही खंड की अप एवं डाउन लाइन पर ट्रैक अनुरक्षण एवं आधारजूत संरचना संबंधी आवश्यक कार्यों के लिए मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके कारण दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा साउथ बिहार एक्सप्रेस को विज़िन्न तिथियों में दुर्ग राउरकेला दुर्ग के मध्य आंशिक रूप से रद्द किया गया था। श्रावणी मेला के महत्व एवं छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा विशेष पहल की गई। इसके फ्लस्वरूप अब साउथ बिहार एक्सप्रेस पूरे सावन माह में अपने प्रारंज़िक एवं अंतिम स्टेशन अर्थात आरा दुर्ग आरा के मध्य नियमित रूप से संचालित होगी।




### मजदूरों से भरा ट्रैक्टर पलटा 2 की मौत, 6 मजदूर घायल



**बिलासपुर।** जिले मंगलवार सुबह धान रोपाई के लिए जा रहे मजदूरों से भरा ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गया। हादसे में 2 महिला मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हो गए। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने तत्काल ट्रॉली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। घटना हिर्री थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, मुड़पार गांव के श्रमिक गांव के ही एक किसान के खेत में धान की रोपाई करने ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर जा रहे थे। सुबह कच्ची सड़क से गुजरते समय ट्रैक्टर चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। संतुलन बिगड़ते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खेत में पलट गया। हादसे के दौरान ट्रॉली में सवार कई श्रमिक उसके नीचे दब गए।

# रायपुर में तेज बारिश, रायगढ़ में केलो डेम के 4 गेट खोले गए, घरों में घुसा पानी

» सड़कें लबालब, रायपुर में तेज बारिश

» अब तक 24 प्रतिशत कम बरसात



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर/रायगढ़।** मौसम विभाग ने उत्तर छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में अगले एक सप्ताह तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार दोपहर रायपुर में तेज बारिश हुई, जो रुक-रुककर होती रही। वहीं रायगढ़ में तेज बारिश से जगह-जगह जलभराव की स्थिति बन गई है। शहर के पैठू डबरी, चंद्रनगर की नामदेव गली और वार्ड नंबर-18 के कई घरों में घुटनों तक पानी भर गया। लगातार बारिश को देखते हुए केलो डेम के 4 गेट खोले गए हैं। वर्तमान में डेम में 230.85 मीटर है।

पिछले 24 घंटे में प्रदेश के उत्तर और मध्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि रायपुर और सरगुजा संभाग के कुछ इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 110 मिमी बारिश प्रतापपुर में रिकॉर्ड की गई।

हालांकि, लगातार बारिश के बावजूद पूरे मानसून सीजन में अब तक प्रदेश में सामान्य से 24त्न कम बारिश हुई है। यानी राज्य में अब भी औसत से कम बारिश दर्ज की गई है।

तापमान की बात करें तो प्रदेश का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रायपुर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस पेंड्रा रोड में रिकॉर्ड हुआ।

बारिश के कारण दिन के तापमान में भी कमी दर्ज की गई। प्रदेश का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रायपुर में रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस पेंड्रा रोड में रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। खासकर उत्तर छत्तीसगढ़ के जिलों में अगले एक सप्ताह तक कहीं-कहीं भारी बारिश होने के आसार हैं।

छत्तीसगढ़ में मानसून अब पूरे प्रदेश में सक्रिय है। 1 जून से 18 जुलाई तक 307.2 मिमी (12 इंच) बारिश हुई है। इस समय तक जितनी बारिश सामान्यतः होनी चाहिए, उसके मुकाबले प्रदेश में 81.8% बारिश दर्ज की गई है। शनिवार को औसतन 17.7 मिमी बारिश हुई।

इस सीजन में सबसे ज्यादा बारिश बिलासपुर संभाग में हुई है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ पूरे प्रदेश में पहले नंबर पर है, जहां 525.4 मिमी (20.6 इंच) बारिश दर्ज की गई। इसके बाद जांजगीर-चांपा 441.5 मिमी (17.3 इंच) और बिलासपुर में 383.7 मिमी (15.1 इंच) । शनिवार को सबसे ज्यादा 58.6 मिमी (2.3 इंच) बारिश बिलासपुर जिले में हुई।

रायपुर संभाग में महासमुंद (397.5 मिमी), बलौदाबाजार (390.3 मिमी), गरियाबंद (370.6 मिमी) और रायपुर (367.8 मिमी) में अच्छी बारिश दर्ज की गई। धमतरी में अब तक 278.8 मिमी बारिश हुई है।

सरगुजा संभाग में बलरामपुर में सबसे ज्यादा 337.5 मिमी बारिश हुई है। इसके अलावा कोरिया (267.9 मिमी), जशपुर (267.3 मिमी), एमसीबी (266.8 मिमी) और सूरजपुर (252.5 मिमी) में भी अच्छी बारिश हुई। वहीं सरगुजा जिले में अब तक सिर्फ 161 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

बस्तर संभाग में दंतेवाड़ा में सबसे ज्यादा 405.5 मिमी बारिश हुई है। इसके बाद नारायणपुर (354 मिमी) और बीजापुर (311.8 मिमी) का स्थान है। वहीं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी (195.1 मिमी) और कांकेर (239.7 मिमी) में अपेक्षाकृत कम बारिश हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग (331.5 मिमी) और बालोद (326.3 मिमी) में अच्छी बारिश हुई है। वहीं राजनांदगांव में अब तक केवल 142.9 मिमी बारिश दर्ज हुई है, जो सामान्य से काफी कम है। प्रदेश के कई जिलों में अच्छी बारिश होने से खरीफ फसलों की बुवाई को फायदा मिल रहा है। हालांकि कुछ जिलों में अब भी सामान्य से कम बारिश हुई है, इसलिए आने वाले दिनों की बारिश कृषि के लिहाज से अहम रहेगी।

# नपा के नवनियुक्त एल्डरमैन ने ली शपथ

### शहर के विकास में निभाएंगे सक्रिय भूमिका

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** नगर पालिका महासमुंद में शासन द्वारा मनोनीत 5 एल्डरमैन ने सोमवार को विधिवत शपथ ग्रहण कर नगर के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती सृष्टि चन्द्राकर ने सभी एल्डरमैन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

नगर पालिका के नवनियुक्त एल्डरमैन हनीष बग्गा, श्रीमती प्रभा साहू, श्रीमती मधु यादव, लालविजय प्रताप सिंह देव एवं मोहन साहू ने शपथ ग्रहण करते हुए नगर के विकास, जनकल्याण एवं जनसेवा के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

शपथ ग्रहण समारोह विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय वातावरण में हाई स्कूल के सभागार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, छत्तीसगढ़ बीज विकास निगम के अध्यक्ष चन्द्रहास चन्द्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा तथा नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका के पार्षदगण, प्रभारी सदस्य, अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवनियुक्त एल्डरमैन को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनका अनुभव एवं मार्गदर्शन नगर के विकास कार्यों को नई गति प्रदान करेगा तथा नगर हित के निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समारोह के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों एवं एल्डरमैन ने नगर के समग्र विकास, सुशासन एवं नागरिकों के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में हरबंश सिंह ढिल्लो, प्रदीप चंद्राकर, महेन्द्र सिक्का, सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र जैन, विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी,

शुभ्रा शर्मा, अग्रज शर्मा, रमेश साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती राखी ठाकुर एंव आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने किया।

# शराब दुकान में ब्रांडेड शराब नहीं मिलने से मदिरा प्रेमी परेशान

**नवापारा-राजिम।** नगर के छाटा रोड स्थित देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान में ब्रांडेड अंग्रेजी शराब उपलब्ध नहीं होने से मदिरा प्रेमियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



उपभोक्ताओं का कहना है कि वे अपनी पसंद के ब्रांड की शराब खरीदने दुकान पहुंचते हैं, लेकिन अधिकांश समय उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। उनका आरोप है कि कई बार आबकारी विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में शिकायत की गई, इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। मदिराप्रेमियों कहना है कि दुकान में सीमित ब्रांड ही उपलब्ध कराए जाते हैं, जबकि लोकप्रिय ब्रांड लंबे समय से नहीं मिल रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है या फिर अपनी पसंद से समझौता करना पड़ता है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि शराब कोचियों को बड़ी मात्रा में शराब आसानी से उपलब्ध हो जाती है, जबकि आम उपभोक्ताओं को मनचाहा ब्रांड नहीं मिल पाता। मदिरा प्रेमियों ने आबकारी विभाग से मांग की है कि दुकान में विभिन्न ब्रांडों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और आपूर्ति व्यवस्था में पारदर्शिता लाई जाए।

# चिपरीडीह-दर्रा सड़क जर्जर, पुलिया के पास सड़क धंसी, हर दिन हादसे का खतरा

समवेत शिखर संवाददाता



**नवापारा राजिम।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2012 में निर्मित ग्राम चिपरीडीह से दर्रा तक की 1.200 किलोमीटर लंबी डामर सड़क आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। निर्माण के बाद से इस सड़क की न तो नियमित मरम्मत हुई और न ही कोई मेंटेनेंस कराया गया। नतीजतन सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और अब पुलिया के पास सड़क का बड़ा हिस्सा धंस जाने से यह मार्ग दुर्घटनाओं को खुला निमंत्रण दे रहा है। लगातार हो रही बारिश से पुलिया के समीप सड़क की मिट्टी बह गई है, जिससे सड़क का किनारा टूटकर गहरे गड्ढे में तब्दील हो गया है। मार्ग से गुजरने वाले दोपहिया, चारपहिया वाहन चालकों और ग्रामीणों की जान हर दिन जोखिम में बनी हुई है।

यदि रात के समय या तेज रफ्तार में कोई वाहन इस मार्ग से गुजरे तो बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क चिपरीडीह और दर्रा के लोगों के लिए आवागमन का प्रमुख मार्ग है। स्कूली बच्चे, किसान, मजदूर और ग्रामीण प्रतिदिन इसी रास्ते से आते-जाते हैं, लेकिन वर्षों से इसकी मरम्मत नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के बाद संबंधित विभाग ने इसकी ओर कभी ध्यान नहीं दिया। समय रहते रखरखाव किया जाता तो आज सड़क की यह स्थिति नहीं होती। अब पुलिया के पास धंसी सड़क किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि क्षतिग्रस्त हिस्से की तत्काल मरम्मत, पुलिया के किनारे सुरक्षा व्यवस्था तथा पूरे 1.200 किलोमीटर मार्ग का नवीनीकरण कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

### राहुल गांधी की गिरफ्तारी पर मप्र में कांग्रेस का प्रदर्शन

**भोपाल।** दिल्ली में राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में मध्य प्रदेश में कांग्रेस का प्रदर्शन देर रात और तेज हो गया। राजभवन के सामने धरने पर बैठे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हटा दिया। सभी को पुलिस वाहन में बैठा वहां से ले जाया गया है।

इससे पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक मुख्यमंत्री कक्ष के बाहर धरने पर बैठे रहे। रात में भी उनका प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस प्रदेशभर के जिला और ब्लॉक मुख्यालयों पर भी धरना दे रही है। जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी की गिरफ्तारी लोकतंत्र की आवाज दबाने की कोशिश है और कांग्रेस इसका पूरे प्रदेश में विरोध करेगी। जब तक राहुल गांधी की रिहाई नहीं हो जाती और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते, तब तक कांग्रेस का प्रदर्शन जारी रहेगा। पूरे मध्य प्रदेश के हर जिले और हर ब्लॉक में आंदोलन शुरू हो चुका है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक हम रातभर धरने पर बैठे रहेंगे।

Uniglobe.
Star India Travel
STAR ELITE
LUXURY REDEFINED
PREFERRED HOTEL PARTNER
TAJ
ANANTARA HOTELS·RESORTS·SPAS
LHW
WORLD OF HYATT.
ACCOR
FOUR SEASONS
MANDARIN ORIENTAL THE HOTEL GROUP
ROSEWOOD HOTELS & RESORTS
Paris, France
Sip Coffee in a sidewalk cafe and let the classic romance of paris embrace
Prague, Czech Republic
From sunrise strolls over historic bridges to charming old town squares, prague feels timeless
Interlaken, Switzerland
Take a mountain train with scenery so dreamy, every moment in Switzerland feels unreal
Santorini, Greece
Let the Aegean breeze carry you to dreamy cliff-side villages, volcanic beaches and timeless romance
Reykjavik, Iceland
Set off from Reykjavik into a world of volcanoes, glaciers and hot springs
Vision
ELEVATED PERSONAL SERVICE
Depend on us for peace of mind
UNRIVALED SME TRAVEL EXPERTS
We get you
LOCAL OWNERSHIP & GLOBAL RELEVANCE
You'll feel at home wherever
Purpose
To drive client Success through better travel
Essence
Travel Well
Differentiator
We see Possibilities other can't
T : + 917714070803
M : + 919893146333
M : + 9199301709211
E : mbansal@uniglobestar.in
E : pbansal@uniglobestar.in
A 602-604, 6th Floor, Babylon Tower, VIP Square, Raipur, CHHATTISGARH-492001
Uniglobestar.in

# लोथल में आकार ले रहा भारत का विश्वस्तरीय समुद्री विरासत संग्रहालय

» 4,500 वर्ष पुरानी हड़प्पाई समुद्री परंपरा को आधुनिक तकनीक और अनुभवात्मक प्रस्तुतियों से दुनिया के सामने लाएगा राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर

» छत्तीसगढ़ के पत्रकारों ने किया राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर का अवलोकन; 400 एकड़ में विकसित हो रहा है महत्वाकांक्षी विरासत एवं पर्यटन परिसर

समवेत शिखर न्यूज



**लोथल (गुजरात)।** भारत की लगभग 4,500 वर्ष पुरानी समुद्री विरासत, हड़प्पा सभ्यता के उन्नत नगर नियोजन और प्राचीन समुद्री व्यापार की गौरवशाली परंपरा को आधुनिक संग्रहालय तकनीक एवं अनुभवात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश-दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से गुजरात के ऐतिहासिक लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (National Maritime Heritage Comple&–NMHC) विकसित किया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित मीडिया अध्ययन दौरे के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को परिसर का अवलोकन किया और इसकी परिकल्पना, निर्माणाधीन संग्रहालय, दीर्घाओं तथा प्रस्तावित विभिन्न थीम आधारित सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।

नेशनल मैरीटाइम हेरिटेज म्यूजियम, लोथल के महाप्रबंधक अमित राठौड़ ने पत्रकारों को परिसर की विशेषताओं और परियोजना की परिकल्पना की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर केवल एक पारंपरिक संग्रहालय नहीं, बल्कि भारत की समुद्री यात्रा को प्राचीन काल से आधुनिक युग तक समग्रता और अनुभवात्मक स्वरूप में प्रस्तुत करने वाला एक व्यापक विरासत परिसर है। उन्होंने बताया कि लगभग 400 एकड़ क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इस परिसर में संग्रहालय के साथ हड़प्पाई नगर का पुनर्निर्माण, तटीय राज्यों के पवेलियन, जेट्टी, जलमार्ग, विभिन्न थीम पार्क, समुद्री एवं नौसैनिक विरासत से जुड़े आकर्षण तथा पर्यटकों के लिए आवासीय सुविधाएं विकसित करने की योजना है।

**14 विषयगत दीर्घाओं में दिखेगी भारत की समुद्री यात्रा**–अमित राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय समुद्री विरासत संग्रहालय में भारत की समुद्री यात्रा के विभिन्न कालखंडों और आयामों को दर्शाने वाली 14 विषयगत दीर्घाएं विकसित की जा रही हैं। इनमें समुद्र और महासागरों से जुड़ी मौखिक परंपराओं से लेकर हड़प्पाई सभ्यता के अग्रणी समुद्री यात्रियों, प्राचीन भारत की समुद्री विरासत, यूनानी-रोमन विश्व से भारत के संपर्क, यूरोपीय शक्तियों के आगमन, समुद्री व्यापार एवं सांस्कृतिक संबंध, गुजरात की समुद्री परंपराओं, मराठा नौसैनिक शक्ति तथा भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के विकास को प्रदर्शित किया जाएगा।

इनके अलावा दक्षिण-पूर्व एशिया और उससे आगे के क्षेत्रों के साथ भारत के व्यापारिक एवं सांस्कृतिक संबंध, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, पारंपरिक जहाज निर्माण एवं नौवहन तकनीक, स्वतंत्रता के बाद भारतीय नौवहन तथा बच्चों के लिए विशेष दीर्घा भी संग्रहालय की प्रमुख विषयवस्तुओं में शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2026-28 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज़ ब्रीफ

### पर्यटकों की सुरक्षा के लिए तिरिया पर्यटन स्थल 30 सितंबर तक बंद

**जगदलपुर।** मानसून के दौरान नदी-नालों में जलस्तर में वृद्धि के मद्देनजर ग्राम सभा तिरिया (सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति) द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा के मद्देनजर एक बड़ा निर्णय लिया गया है। पर्यटन स्थल तिरिया को 20 जुलाई 2026 से 30 सितंबर 2026 तक के लिए अस्थायी रूप से पूर्णतः बंद किया गया है। ग्राम सभा का मानना है कि सुरक्षा व्यवस्था और जन-धन की रक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है, इसलिए मानसून के इस दौर में पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगाना आवश्यक हो गया था। इस संबंध में ग्राम सभा तिरिया द्वारा जारी सूचना में सभी पर्यटकों और आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस बंद अवधि के दौरान पर्यटन स्थल का भ्रमण करने न पहुँचें तथा ग्राम सभा के इस निर्णय का सम्मान करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

### परियना जेईई/नीट आवासीय कोचिंग सेंटर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नारायणपुर।** जिला प्रशासन नारायणपुर द्वारा संचालित परियना जेईई/नीट आवासीय कोचिंग सेंटर, गरांजी ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर जिले का गौरव बढ़ाया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विज्ञान संकाय के कुल 102 छात्र-छात्राओं ने नीट-2026 परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 11 विद्यार्थियों ने परीक्षा सफलतापूर्वक क्वालीफाई की है। इन सफल विद्यार्थियों में से एक छात्रा भावनी मांझी का शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम हेतु चयन हो चुका है, जबकि एक छात्रा श्वेता ठाकुर ने भी शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम हेतु चयन होने की प्रबल संभावना है। इनके अलावा 9 छात्र अनिल दुग्गा, बच्चू पोडियामी, विशाल कुमेटी, मीनाक्षी कुलदीप, समीर उसेंडी, अनीता, मुस्कान पटेल, देविका बघेल और याचना पटेल ने भी नीट परीक्षा क्वालिफाइड किया है। यह उपलब्धि जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण तथा जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही गुणवत्तापूर्ण कोचिंग एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन का सकारात्मक परिणाम है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती की प्रारंभिक सूची जारी

**नारायणपुर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना नारायणपुर अंतर्गत रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों की भर्ती प्रक्रिया के तहत पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। दिनांक 12 जून 2026 के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का चयन प्रावधानों के अनुसार योग्यता के आधार पर मूल्यांकन समिति द्वारा परीक्षण किया गया है। परीक्षण उपरांत तैयार की गई प्रारंभिक चयन सूची पर अभ्यर्थियों से 29 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से दावा एवं आपत्ति आमंत्रित की गई है।इच्छुक अभ्यर्थी अपने दावा-आपत्ति से संबंधित प्रमाण-पत्रों सहित निर्धारित अवधि के भीतर पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# बस्तर मुन्ने और नियद नेल्लानार योजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें : कलेक्टर नम्रता जैन

### राशन दुकान सामुदायिक भवन और खेल मैदान के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर नम्रता जैन की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विशेष रूप से पीएम जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी भवन की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए की स्वीकृत आवासों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

वा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला गर्भवती महिलाओं से नियमित संपर्क बनाए रखे तथा उन्हें संस्थागत प्रसव के लाभों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों को शीघ्र भर्ती करें। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले के बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं आयुष्मान कार्ड शतप्रतिशत बनाने के निर्देश दिये। साथ ही जिले में मोतियाबिंद से प्रभावित मरीजों का शत-प्रतिशत ऑपरेशन कराने के भी निर्देश दिए।

जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों से कहा गया है कि प्रत्येक गर्भवती महिला का समय पर पंजीयन सुनिश्चित करें तथा नियमित स्वास्थ्य जांच, प्रसव पूर्व सेवाएं और सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता बढ़ाने और गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान राशन दुकान, सामुदायिक भवन और खेल मैदान के निर्माण कार्यों की प्रगति पर भी चर्चा की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें। बैठक में सुशासन एक्सप्रेस की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में शासन की सेवाएं घर-घर पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों के दौरान प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाए तथा विभिन्न विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए ग्रामीणों को अधिकतम सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराएं।

इसके अलावा कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सभी हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि से सभी पात्र कृषकों को लाभान्वित करने, खरीफ सीजन के लिए समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के निर्धारित लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण करने, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सामाजिक सहायता पेंशन, एग्री-स्टैक पंजीयन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई।

जिले में संचालित बस्तर मुन्ने एवं नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत चल रहे सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों से कहा गया है कि योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा गुणवत्ता के साथ शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। साथ ही, जिन कार्यों में प्रगति धीमी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर आम नागरिकों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए।

निर्देशों में यह भी कहा गया है कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या तकनीकी बाधा का त्वरित निराकरण करें। कलेक्टर ने जिले के नियद नेल्लानार क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देने निर्देशित किया।

# रेशम योजनाओं से बदली ग्रामीणों की तकदीर, कोसापालन और कृमिपालन बना आत्मनिर्भरता का आधार

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** जिले में रेशम विकास एवं विस्तार योजनाएं आज ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की नई मिसाल बनकर उभरी हैं। कलेक्टर नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में संचालित मलबरी एवं टसर रेशम योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ा रहा है, बल्कि अनेक परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर भी बना रहा है। इन योजनाओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि ग्रामीणों को संसाधन, तकनीकी मार्गदर्शन और उचित अवसर मिलें तो वे अपने गांव में रहकर भी सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर सकते हैं।

नारायणपुर जिले में वर्तमान में मलबरी रेशम के दो तथा टसर रेशम के चार केंद्र सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। नारायणपुर और कुसरटाई स्थित मलबरी केंद्रों में लगभग 22.5 एकड़ क्षेत्र में पौधारोपण विकसित किया गया है, जहां स्व-सहायता समूहों के सदस्य कृमिपालन कर रहे हैं। इन केंद्रों ने ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के लिए आय का स्थायी स्रोत तैयार किया है। वर्ष 2025-26 में निर्धारित 4,400 किलोग्राम ककून उत्पादन लक्ष्य के विरुद्ध 4,180 किलोग्राम उत्पादन प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि से जुड़े 47 हितग्राहियों को 7.72 लाख रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त हुई। इसके साथ ही पौधारोपण संरक्षण, निराई-गुड़ाई और अन्य गतिविधियों के माध्यम से वर्षभर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए। इसी प्रकार नारायणपुर, कुसरटाई, गोटाजुन्डी और एडका स्थित चार टसर रेशम केंद्रों ने भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। लगभग 62 हेक्टेयर क्षेत्र में संचालित कृमिपालन गतिविधियों के परिणामस्वरूप वर्ष 2025-26 में 8.52 लाख कोसाफल उत्पादन लक्ष्य के विरुद्ध 9.73 लाख से अधिक कोसाफल का उत्पादन हुआ, जो निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक है।

# सेवा सेतु पोर्टल की नवीन ई-सेवाओं हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित



समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** नागरिकों को शासकीय सेवाओं का त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। कलेक्टोरेट स्थित प्रेरणा हॉल एवं सीजी स्वान वीसी कक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण में सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से प्रारंभ की गई विभिन्न नवीन ई-सेवाओं के संचालन एवं उनकी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजन में जिले की समस्त ग्राम पंचायतों के सचिव, नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारी तथा खाद्य विभाग के राशन कार्ड प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के दौरान ई-गवर्नेंस सोसाइटी के जिला प्रबंधक राकेश भट्ट ने सेवा सेतु पोर्टल पर जोड़ी गई नई नागरिक केंद्रित सेवाओं के संबंध में तकनीकी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि अब पोर्टल के माध्यम से राशन कार्ड में नया नाम जोड़ने, नाम विलोपन तथा एपीएल एवं बीपीएल राशन कार्ड हेतु आवेदन की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इसके साथ ही स्थानीय निकायों एवं अन्य विभागों से जुड़ी सेवाएँ जैसे विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, नवीन ट्रेड लाइसेंस, भवन अनुज्ञा और नल कनेक्शन के आवेदन भी इसी पोर्टल से निष्पादित किए जा सकेंगे।

# पुनर्वास से आत्मनिर्भरता की ओर, बीजापुर के पुर्नवासितों ने जाना बस्तर का इतिहास और संस्कृति

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से लौटकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए तथा वर्तमान में नुआ बाट पुनर्वास केंद्र में निवासरत पुर्नवासितों के लिए रविवार का दिन अत्यंत प्रेरणादायक और विशेष रहा। केंद्र में पिछले ढाई महीनों से वेल्डिंग का व्यावसायिक कौशल सीख रहे इन युवाओं को आज जिला प्रशासन की विशेष पहल पर बस्तर के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का शैक्षणिक व अध्ययन भ्रमण कराया गया।

इस शैक्षणिक भ्रमण की पृष्ठभूमि जिला पंचायत बस्तर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय खन्ना के नुआ बाट पुनर्वास केंद्र के प्रथम निरीक्षण के दौरान बनी थी, जब हितग्राहियों ने उनसे संवाद करते हुए अंचल के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थानों को देखने तथा करीब से समझने की इच्छा जताई थी। युवाओं की इस जिज्ञासा और सकारात्मक सोच को सम्मान देते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज बस्तर द्वारा इस भ्रमण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। दिनभर चले इस भ्रमण के दौरान हितग्राहियों को बस्तर की पौराणिक और ऐतिहासिक धरोहरों से रूबरू होने का अवसर मिला। उन्होंने माँ दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया, तत्पश्चात बस्तर राजमहल और ऐतिहासिक दलपत सागर की प्राकृतिक सुंदरता व इतिहास को जाना। इसके अलावा युवाओं ने भारत का नियाग्रा कहे जाने वाले विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात का आनंद लिया और माँ दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुँचकर बस्तर के आधुनिक विकास व कनेक्टिविटी की रफ्तार को करीब से देखा। यह भ्रमण हितग्राहियों के लिए केवल एक यात्रा न होकर एक अत्यंत सकारात्मक और अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ। पुनर्वास केंद्र में अर्जित वेल्डिंग कौशल, अनुशासन और इस प्रकार के व्यावहारिक अनुभवों के बल पर ये युवा अब समाज की मुख्यधारा में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# मैड्रिड में स्पेन की विश्व कप विजेता का भव्य जश्न, 20 लाख प्रशंसकों के साथ सड़कों पर उतरा जनसैलाब



**मैड्रिड।** स्पेन की विश्व कप विजेता फुटबॉल टीम सोमवार को जब स्वदेश लौटी तो लगभग 20 लाख लोग अपने प्रिय खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए मैड्रिड की सड़कों पर एकत्रित हुए थे। स्पेन के सभी 26 खिलाड़ियों और उसके कोचिंग स्टाफ के सदस्यों ने न्यूजर्सी में फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से हराने के एक दिन बाद मैड्रिड पहुंचने पर देश के शाही परिवार और फिर प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ से मुलाकात की। सांचेज़ ने कहा, ''आपके खेल की शानदार शैली, बेहतरीन प्रयास और जीत के लिए बहुत-बहुत बधाई। हमें आपको खेलते हुए देखकर वाकई बहुत आनंद आया।'' इसके बाद पूरी टीम एक खुली छत वाली बस में सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करने के लिए मैड्रिड की सड़कों पर निकल गई।

बस पर लिखा था ''सितारे एक साथ चमकते हैं'' और उस पर खिलाड़ियों की तस्वीरें भी लगी हुई थीं। खिलाड़ियों के हाथों में विश्व कप ट्रॉफी थी और उन्होंने जो शर्ट पहन रखी थी उस पर स्पेनिश में लिखा था 'सोमोस कैम्पियोनेस' यानी 'हम चैंपियन हैं'। खिलाड़ी पूरी परेड के दौरान नाचते-गाते और प्रशंसकों से बातचीत करते रहे। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने परेड शुरू होने से पहले कहा, ''ऐसे जोशीले और समर्पित प्रशंसकों वाले एक अद्भुत देश का प्रतिनिधित्व करना भावनात्मक और गौरवपूर्ण अनुभव रहा है। हम बहुत खुश हैं।'' यह परेड प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास मोनक्लोआ पैलेस के पास से शुरू हुई और मैड्रिड की सड़कों से होते हुए सिबेल्स स्क्वायर तक गई, जहां उन्होंने एक स्वागत समारोह हमें हिस्सा लिया और अधिकारियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि इसमें लगभग 120,000 लोग मौजूद थे।

# हॉकी विश्व कप के लिए हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में 20 सदस्यीय टीम इंडिया का ऐलान

**नई दिल्ली (ए)।** भारत ने अगले महीने होने वाले एफआईएच पुरूष हॉकी विश्व कप के लिये 20 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है जिसमें प्रो लीग का यूरोप चरण खेलने वाले कुछ खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली है। प्रो लीग में 24 सदस्यीय टीम चुनी गई थी लेकिन विश्व कप में 20 सदस्यों की टीम ही चुनी जानी है। डिफेंडर अमनदीप लाकड़ा, मिडफील्डर राजकुमार पाल और रविचंद्र सिंह मोइरांगथम और फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति टीम में जगह नहीं बना सके हैं।

भारत पिछले महीने प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद चार जीत, पांच ड्रॉ और सात हार के बाद नौ टीमों में पाकिस्तान से ऊपर आठवें स्थान पर रहा। आठ बार की ओलंपिक चैम्पियन भारतीय टीम अब तक सिर्फ एक बार 1975 में विश्व कप जीत सकी है।पिछली बार भुवनेश्वर में हुए 2023 विश्व कप में मेजबान भारत नौवें स्थान पर रहा था। भारत ने बार्सिलोना में 1971 में कांस्य और एम्सटर्डम में 1973 में रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में भारत को लगातार दूसरा कांस्य पदक दिलाने वाले हरमनप्रीत सिंह टीम के कप्तान होंगे। वहीं तोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल का इंतजार खत्म करके भारत को कांसा दिलाने वाले मनप्रीत सिंह मिडफील्ड की रीढ़ होंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा ,'' यह काफी संतुलित टीम है जिसमें युवाओं और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है।'' भारत को पूल डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारत के सभी पूल मैच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में होंगे।




# मनोज कुमार की 89वीं जयंती पर ज़ी क्लासिक का खास सलाम, पूरे हफ्ते प्रसारित होंगी भारतीय सिनेमा के इस महान कलाकार की यादगार फिल्में

**मुंबई।** कुछ कलाकार सिर्फ मनोरंजन करते हैं, कुछ फिल्में बनाकर यादें छोड़ जाते हैं, लेकिन मनोज कुमार जैसे दिग्गज कलाकार पीढ़ियों के दिलों में हमेशा के लिए बस जाते हैं। भारत कुमार के नाम से मशहूर मनोज कुमार ने देशभक्ति को सिर्फ पर्दे तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे हर भारतीय के दिल का जज्बा बना दिया। उनकी फिल्मों में सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि यहाँ के लोग, उनके संघर्ष, उनके सपने, उनका त्याग और उनका अटूट हौसला भी नजर आता था। इस जुलाई, जब महान अभिनेता, लेखक और निर्देशक मनोज कुमार की 89वीं जयंती है, तब ज़ी क्लासिक उनके शानदार सफर को याद करते हुए एक खास फिल्म फेस्टिवल लेकर आ रहा है। 19 जुलाई से 24 जुलाई तक दर्शकों को उनकी कुछ सबसे यादगार और सुपरहिट फिल्में देखने का मौका मिलेगा। ये वही फिल्में हैं, जिन्होंने मनोज कुमार को भारतीय सिनेमा का अमर सितारा बनाया और जो आज भी दर्शकों को उतनी ही पसंद आती हैं। चार दशक से भी ज्यादा लंबे करियर में मनोज कुमार ने हिंदी सिनेमा को एक नई सोच दी। उस दौर में जब ज्यादातर फिल्में सिर्फ रोमांस और मनोरंजन पर आधारित होती थीं, तब उन्होंने आम आदमी, समाज और देश से जुड़ी कहानियों को बड़े पर्दे पर उतारा। एक अभिनेता के साथ साथ उन्होंने लेखक और निर्देशक के रूप में भी ऐसी फिल्में बनाईं, जो अपनी दमदार कहानी, शानदार संगीत और हमेशा याद रहने वाले संदेश की वजह से आज भी मिसाल मानी जाती हैं। इस खास फिल्म फेस्टिवल में मनोज कुमार के सफर की छह शानदार फिल्में दिखाई जाएँगी। शुरुआत होगी 'रोटी कपड़ा और मकान' से, जिसमें आम आदमी के संघर्ष और उसके सपनों को बेहद असरदार तरीके से दिखाया गया है।




# मरीजों की अच्छी सेहत के लिए डॉक्टरों ने बढ़ाए कदम, मिल रहे सकारात्मक परिणाम

### चिकित्सा सेवा और योग के महत्व को किया रेखांकित, मरीजों ने लिया योग का प्रशिक्षण

**नागपुर (ए)।** स्वस्थ भारत के निर्माण में डॉक्टरों की भूमिका सदैव अतुलनीय रही है। समाज के स्वास्थ्य, कल्याण एवं जनजागरूकता के लिए चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे समर्पित प्रयासों तथा उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आभार व्यक्त किया गया। आज के समय में स्वास्थ्य की देखभाल केवल दवाइयों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि संतुलित जीवनशैली, नियमित व्यायाम और योग भी अच्छे स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण आधार बन चुके हैं। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास



और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देता है। यही कारण है कि चिकित्सा विशेषज्ञ समय-समय पर लोगों को योग एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भी देशभर में स्वास्थ्य और योग के महत्व को रेखांकित किया गया। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर अनेक स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है तथा बढ़ती उम्र में भी व्यक्ति स्वस्थ, सक्रिय और ऊर्जावान जीवन जी सकता है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए एक विशेष योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक अनुभवी योग विशेषज्ञ को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने उपस्थित मरीजों एवं उनके परिजनों को योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। भारत में डॉक्टर्स डे के अवसर पर सभी चिकित्सकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त करते हुए डॉ. के.के. अडिले कार्डियोलॉजिस्ट ने कहा कि डॉक्टर अपने ज्ञान, समर्पण और सेवाभाव से समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे केवल बीमारियों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि लोगों को बेहतर और स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में भी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। रोगों के उपचार के साथ-साथ स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, निवारक स्वास्थ्य उपायों को अपनाने तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने में भी उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने नीट 2026 में बिलासपुर भिलाई के छात्रों का शानदार प्रदर्शन का जश्न मनाया

**बिलासपुर/ भिलाई।** शिक्षा कंपनी फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने हवाध्वज 2026 के अपने छात्रों के परिणाम साझा किए हैं, जिसमें कई छात्रों ने हवाध्वज की ऑल इंडिया रैंक (ढ्ढक्र) में शीर्ष स्थान हासिल किए हैं।रविकांत दिवाकर (ढ्ढक्र 55), शिवांश आनंद (ढ्ढक्र 152), दिव्यांश जायसवाल (ढ्ढक्र 173) और साक्षी कुमारी (ढ्ढक्र 192) उन छात्रों में शामिल हैं जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया।इसके अलावा, भिलाई में छात्रों के बेहतरीन प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आशीष अग्रवाल (ढ्ढक्र 4617), शहर में फिज़िक्सवाला के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुछ प्रमुख छात्रों में से एक सहित कई छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।इसके अलावा, बिलासपुर में छात्रों के बेहतरीन प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गौरव पटेल और मयंक सोनी सहित कई छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

# टाटा स्टील झारखंड में करेगी 10,000 करोड़ रुपए का बड़ा निवेश, 2000 लोगों को मिलेगा रोजगार

**रांची (ए)।** टाटा स्टील ने झारखंड में औद्योगिक विस्तार की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए साल 2028 तक 10,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। कंपनी के इस कदम से न केवल औद्योगिक गतिविधियों को बल मिलेगा, बल्कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 2,000 लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।



कंपनी का मुख्य उद्देश्य भारत में अपनी कुल स्टील निर्माण क्षमता को मौजूदा 2.73 करोड़ टन सालाना से बढ़ाकर चार करोड़ टन करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए टाटा स्टील अपनी क्षमता विस्तार के साथ-साथ कम कार्बन उत्सर्जन वाले इस्पात उत्पादन के तरीकों को अपनाने पर जोर दे रही है। कंपनी पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए अधिक कुशल विनिर्माण प्रक्रियाओं को लागू करना चाहती है। परियोजना के तकनीकी पहलुओं पर जानकारी देते हुए कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि इस कुल निवेश में से 7,000 करोड़ रुपये हिसार्ना और सरल गलन (स्मेल्टिंग) जैसी अत्याधुनिक तकनीकों में लगाए जाएंगे। ये आधुनिक प्रौद्योगिकियां इस्पात उद्योग में उत्पादन को अधिक पर्यावरण-अनुकूल और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उपयोग की जाती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सरगुजा में न्यायालयीन प्रकरणों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए सीसीएमएस की होगी नियमित समीक्षा बैठक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर के द्वारा जारी पत्र के अनुसार कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार राजस्व विभाग से संबधित न्यायालयीन प्रकरणों की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध निस्तारण के उद्देश्य से Court Case Monitoring System (CCMS) का संचालन किया जा रहा है, किन्तु जिलों में लंबित न्यायालयीन प्रकरण जो कि माननीय उच्च न्यायालय छ.ग बिलासपुर में विचाराधीन है। माननीय उच्च न्यायालय छ.ग. बिलासपुर में वर्तमान में सरगुजा जिले के 264 प्रकरण लंबित हैं। उक्त प्रकरणों में नियुक्त प्रभारी अधिकारियों द्वारा समयावधि में जवाबदावा (Complaince/Reply Filed) नहीं किया जा रहा है। जिससे अवमानना की स्थिति निर्मित हो रही है। जिला स्तर पर Court Case Monitoring System (CCMS) पोर्टल के सुचारू संचालन, अनुश्रवण (Monitoring) करने हेतु प्रभारी अधिकारी न्यायिक शाखा एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सरगुजा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में (CCMS) की समीक्षा बैठक आयोजित कर न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति से छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को अवगत कराएंगे।

### जिले में अब तक 185.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**अम्बिकापुर।** भू-अभिलेख शाखा के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि जिले के सभी तहसीलों में 24 घण्टे के दौरान 11.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 18.7 मि.मी. वर्षा तहसील बतौली में दर्ज की गई है। इसे मिलाकर पूरे जिले में 1 जून से अब तक 185.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि 01 जून 2026 से 21 जुलाई 2026 तक अम्बिकापुर में 223.4, दरिमा में 115.9, लुण्ड्रा में 114.5, सीतापुर में 160.4, लखनपुर में 258.0, उदयपुर में 213.0, बतौली में 153.2 एवं मैनपाट में 248.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के संविदा पदों हेतु पात्रता सूची जारी, 27 जुलाई तक कर सकते हैं दावा-आपत्ति

**अम्बिकापुर।** पशु चिकित्सा सेवाएं के उप संचालक ने बताया कि जिला खनिज संस्थान न्यास के प्रशासकीय स्वीकृति आदेश द्वारा पशुधन विकास विभाग के अंतर्गत संचालित पशु चिकित्सीय संस्थाओं में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों के रिक्त पदों पर एक वर्ष के लिए संविदा भर्ती हेतु 15 पदों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय किया गया है। जिसके अनुसार सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियो के भर्ती हेतु 2 जून 2026 को जारी विज्ञापन के विरुद्ध 248 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदनों को कार्यालयीन गठित समिति द्वारा परीक्षण कर पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। जिन आवेदकों को सूची में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वे कार्यालयीन समय में कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें अंबिकापुर में अपना अभ्यावेदन 27 जुलाई 2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित दिनांक पश्चात प्राप्त अभ्यावेदन पर विचार नही किया जाएगा।

# शिक्षा ही सफलता का मूल मंत्र है, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहें : पर्यटन मंत्री अग्रवाल

- पाठ्यपुस्तकें, गणवेश, अध्ययन सामग्री का हुआ वितरण, छात्राओं को वितरित किए गए साइकिल
- सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का हुआ सम्मान, मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं उल्लास नवसाक्षर कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वॉलेंटियर भी हुए सम्मानित

**समवेत शिखर संवाददाता**



**अंबिकापुर।** समग्र शिक्षा शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन मंगलवार को अम्बिकापुर के पी.जी. कॉलेज ऑडिटोरियम में उत्साहपूर्वक किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंत्री श्री अग्रवाल ने स्वयं घण्टी बजाकर नवप्रवेशी बच्चों को शाला प्रवेश करवाया। इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर किया गया। कार्यक्रम में मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि यहां बच्चों के बीच उपस्थित होकर और उनको तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह हमारे बच्चों के सपनों, उनके उज्वल भविष्य और शिक्षा का उत्सव है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो समाज में कौशल, आत्मविश्वास और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। शासन विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रयासरत है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, कोई बच्चा ड्रॉपआउट ना रहे। शिक्षा ही आज के समय में सफ्लता का मूल मंत्र है, इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। सरगुजा जैसे जनजाति बाहुल्य जिले में शिक्षा का महत्व और भी अधिक है, यहां पहाड़ी कोरवा समुदाय के जनजाति बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य केवल बच्चों को नामांकन कराना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि प्रत्येक बच्चा नियमित रूप से विद्यालय आए, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे और अपने सपनों को साकार करे। उन्होंने बच्चों को कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि आपके व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है। मन लगाकर पढ़ें, अपने माता-पिता, गुरुजनों और अपने जिले तथा प्रदेश का नाम रोशन करें। पालकों से आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि वे बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें और बालक-बालिका दोनों को समान अवसर प्रदान करें। आइए हम सभी यह संकल्प लें कि सरगुजा जिले का कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर नहीं रहेगा, हम सब मिलकर शत-प्रतिशत नामांकन और नियमित उपस्थिति के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। उन्होंने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी।

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर ने बच्चों को शिक्षा की ओर प्रेरित किया और उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव ने कहा कि इस प्रवेश उत्सव के माध्यम से हम नन्हें बच्चों में शाला जाने से पहले जो भय होता है, उसे भी दूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा स्कूलों में बेहतर शिक्षा सुविधा देने का कार्य किया जा रहा है।भारत सिंह सिसोदिया ने शिक्षकों से बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने की अपील की।

कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने बताया कि जिले में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। भवन विहीन विद्यालयों में भवन की स्वीकृति दी गई है, बच्चों का जाति प्रमाणपत्र निर्माण कराया गया है, पीवीटीजी बच्चों को अगली कक्षा में प्रवेश दिलाया गया है, मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए बच्चों को रायपुर में प्राइवेट कोचिंग संस्थानों में प्रवेश दिलाया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में शिक्षकों की कमी नहीं है, इस हेतु अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रायमरी विद्यालय के शिक्षक एक महत्वपूर्ण कड़ी है, शिक्षक इन बच्चों पर अधिक से अधिक ध्यान दें, यह उनके भविष्य की नींव है, जब नींव मजबूत होगा तभी भविष्य अच्छा होगा। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब मिलकर शासकीय विद्यालयों का माहौल और बेहतर बनाएंगे, यही हमारा प्रयास रहेगा। जिला प्रशासन शिक्षा विभाग के साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करेगा। कार्यक्रम स्कूली बच्चों के द्वारा बनाई गई ''दीवार पत्रिका'' का विमोचन किया गया।शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर अतिथियों द्वारा कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तकें, कॉपियां, बैग, अध्ययन सामग्री सहित जरूरी शैक्षणिक सामग्री वितरित किए गए।छात्राओं को साइकिल वितरण कर उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं-आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में मंत्री श्री अग्रवाल ने शासन की साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत पात्र 21 छात्राओं को साइकिल वितरित कर उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि साइकिल वितरण जैसी योजनाएं बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह योजना छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा विद्यालय तक उनकी सुगम पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का जागरूकता अभियान



### किसानों से समय पर बीमा कराने की अपील

**समवेत शिखर संवाददाता**

**सूरजपुर।** कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के निर्देशन एवं उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत सोनवार स्थित सीएससी सेंटर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) अंतर्गत खरीफ सीजन 2026 के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान किसानों का फसल बीमा कार्य भी प्रारंभ किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के उद्देश्य, लाभ, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं बीमा कराने की प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल परिस्थितियों से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में यह योजना महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच प्रदान करती है।अधिकारियों ने किसानों से निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व अपनी खरीफफसलों का बीमा कराने की अपील करते हुए कहा कि समय पर बीमा कराने से वे योजना के लाभ से वंचित नहीं होंगे तथा किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम में किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा अधिक से अधिक किसानों को योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में कृषि विभाग के एडीओ श्री शैलेन्द्र पटेल, कृषि विस्तार अधिकारी श्री अभिषेक सिंह, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जिला समन्वयक श्री अतुल कुमार यादव, जनपद पंचायत सदस्य श्री राजेश पोर्ते सहित बड़ी संख्या में किसान भाई-बहन उपस्थित रहे।

# नवपदस्थ विखं शिक्षा अधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

### विकास खंड की विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण कर्मचारियों ने दी बधाइयां एवं शुभकामनाएं

**समवेत शिखर संवाददाता**



**जांजगीर।** विकासखंड बम्हनीडीह के नवपदस्थ विकास खंड शिक्षा अधिकारी बसंत चतुर्वेदी ने सोमवार को अपना पदभार ग्रहण किया।निर्वतमान विकासखंड शिक्षा अधिकारी रत्ना थवाईत ने उन्हें विधिवत प्रभार सौंपा।

इस अवसर पर विकासखंड बम्हनीडीह के कर्मचारी एवं शिक्षकों ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व बसंत चतुर्वेदी ने अपने माता-पिता व कुल देवी-देवता का दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त की। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नवपदस्थ बीईओ ने विकासखंड के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया साथ ही अन्य शाखाओं का अवलोकन किया।इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया।उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए कर्मचारियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने एवं दायित्वों का निष्ठा,समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया।इस अवसर पर विकासखंड के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# जनदर्शन में जनता की आवाज़ बनीं विधायक मौके पर ही अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

### सड़क से लेकर पेयजल तक हर समस्या पर एक्शन मोड में दिखीं पत्थलगांव विधायक, बोलीं– जनता का भरोसा ही मेरी सबसे बड़ी ताकत

**समवेत शिखर संवाददाता**



**पत्थलगांव।** पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक गोमती साय एक बार फिर जनता के बीच सक्रिय नजर आईं। अपने कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, मांगें और सुझाव गंभीरता से सुने। जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों और शहरवासियों ने सड़क, बिजली, पेयजल, राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित कई जनहित के मुद्दे विधायक के समक्ष रखे।

जनता की समस्याएं सुनते ही विधायक गोमती साय ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि जनहित के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर शिकायत का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

जनदर्शन के दौरान विधायक गोमती साय ने कहा कि ÷जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी और प्रेरणा है। क्षेत्र के हर नागरिक की सेवा, सुविधा और विकास के लिए मैं पूरी निष्ठा से कार्य कर रही हूं। मेरी प्राथमिकता है कि शासन की हर जनकल्याणकारी योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर जरूरतमंद को उसका लाभ मिले।

कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं को सीधे विधायक के समक्ष रखने का अवसर मिलने पर खुशी जताई और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

**जनदर्शन की बड़ी बातें**

सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े मामलों पर सुनवाई

अधिकारियों को तत्काल और समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश।

जनहित के मामलों में लापरवाही पर सख्त चेतावनी

जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत÷– विधायक गोमती साय

बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने रखीं अपनी समस्याएं और सुझाव

# कलेक्टर ने छग राज्य विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

### विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल करें समाधान, उपभोक्ता शिकायतों एवं समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**समवेत शिखर संवाददाता**



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन से प्राप्त बिजली संबंधी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पीएम सूर्यघर योजना के पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं में तेजी लाई जाए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि बारिश एवं तेज हवा के दौरान विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की स्थिति में शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक क्षेत्र के सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता के संपर्क हेतु क्षेत्रवार जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रांसफॉर्मर खराब होने, लो-वोल्टेज, विद्युत आपूर्ति बाधित होने तथा अन्य तकनीकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण किया जाए। साथ ही क्षेत्रों की नियमित मॉनिटरिंग कर विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जांजगीर एवं चांपा शहर के उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए 24म7 कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है। जांजगीर (नैला जोन) के लिए 6262045898 एवं 9171887873 तथा चांपा (चांपा जोन) के लिए 7400729488 हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं, जिन पर उपभोक्ता विद्युत संबंधी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

कलेक्टर ने जांजगीर शहर के सभी विद्युत उपकेंद्रों की रिंगमेन (इंटरकनेक्शन) व्यवस्था का कार्य किया जा रहा है, जिसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चांपा के गांधीभवन क्षेत्र तथा शिवरीनारायण क्षेत्रांतर्गत खरौद में प्रस्तावित नए विद्युत उपकेंद्रों के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण तथा सूचनाओं के प्रभावी आदान-प्रदान के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं उपभोक्ताओं को जोड़ते हुए क्षेत्रवार वाट्सएप ग्रुप बनाए जाएं। इससे शिकायतों की त्वरित जानकारी प्राप्त होगी और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लंबित आवेदनों का परीक्षण करने, पात्र हितग्राहियों के घरों पर रूफ्टॉप सोलर संयंत्र स्थापित कराने तथा निर्धारित लक्ष्यों की समयसीमा में पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों को स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप सिंह सहित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण विभाग के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन से गुम बालक को आरपीएफ को सौंपा गया

### वहीं एमजी रोड से लापता बालक पढ़ाई के डर से घर में ही छुपा हुआ मिला सुरक्षित

**समवेत शिखर संवाददाता**



**अंबिकापुर।** अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से गुम हुए एक नाबालिग बालक को सुरक्षित बरामद कर लिया है, साथ ही एक अन्य मामले में घर से ही गुम हुए बालक को भी कुछ ही घंटों में सकुशल ढूंढ निकाला है।

**रेलवे स्टेशन से गुम बालक गांझाडांड में लावारिस हालत में मिला**

प्रकरण के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 15 जुलाई 2026 को थाना गांधीनगर में एक प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके नाबालिग बालक को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गांधीनगर में धारा 137(2) बी.एन.एस. के तहत शून्य (0) में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना हेतु डायरी आरपीएफ बिलासपुर को भेजी गई थी। डीआईजी और एसएसपी सरगुजा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम लगातार बच्चे की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान ग्राम गांझाडांड (थाना कोतवाली) के एक सतर्क ग्रामीण को यह बालक लावारिस हालत में मिला। ग्रामीण ने मानवता का परिचय देते हुए बच्चे को अपने पास सुरक्षित रखा और अपने स्तर पर परिजनों की काफी तलाश की। जब कोई जानकारी नहीं मिली, तो वह अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर बच्चे को चौकी रघुनाथपुर ले आया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

**आरपीएफटीम को सौंपा गया बालक**

चौकी रघुनाथपुर पुलिस द्वारा बरामद किए गए नाबालिग बालक का मिलान अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से गुम हुए बालक के विवरण से किया गया। आरपीएफ टीम अंबिकापुर द्वारा इसकी पुष्टि करने के बाद, कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए बरामद नाबालिग बालक को सुरक्षित रूप से आरपीएफ टीम के सुपुर्द कर दिया गया है। सरगुजा पुलिस की इस त्वरित और समन्वित कार्रवाई से एक बार फिर साबित होता है कि पुलिस गुम बालकों के मामलों में कितनी संवेदनशील और गंभीर है।

**दूसरा मामलाः घर में ही छुपा मिला नाबालिग, सकुशल परिजनों को सौंपा**

एक अन्य घटना में, थाना गांधीनगर क्षेत्र के एमजी रोड निवासी एक व्यक्ति ने थाने आकर सूचना दी कि उनका नाबालिग बालक दिनांक 20 जुलाई 2026 की रात लगभग 8:00 बजे अचानक बिना बताए घर से कहीं चला गया है। सूचना मिलते ही थाना गांधीनगर पुलिस ने तुरंत गंभीरता दिखाते हुए तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने सूचक के घर की गहनता से जांच की, जहां वह नाबालिग बालक घर के अंदर ही छुपा हुआ मिला। पूछताछ के दौरान बच्चे ने बताया कि वह पढ़ाई से बचने के डर से घर में ही छुपकर रह रहा था। पुलिस ने राहत की सांस लेते हुए उस बालक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

**सराहनीय भूमिका**

इस संपूर्ण और सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, आरपीएफप्रभारी अंबिकापुर निरीक्षक सुनीता मिंज, चौकी प्रभारी रघुनाथपुर उप निरीक्षक आर. एन. पटेल, कंट्रोल रूम के प्रधान आरक्षक गणेश कदम और आरक्षक उमेश खुटिया की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही।

# होटल-लॉज संचालकों की बैठक लेकर, अप्रवासियों व्यक्तियों के संबंध में एसपी ने दिए आवश्यक सुरक्षा के निर्देश

**समवेत शिखर संवाददाता**



**जांजगीर।** जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय (IPS) ने आज मंगलवार को पुलिस कार्यालय जांजगीर के सभा कक्ष में जिले के होटल/लॉज संचालकों की बैठक ली। बैठक में जिले में ठहरने वाले अप्रवासियों एवं बाहरी व्यक्तियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

एसपी ने होटल संचालकों से कहा कि होटल में ठहरने वाले प्रत्येक व्यक्ति का वैध पहचान पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त करें तथा उनका पूरा विवरण होटल रजिस्टर में दर्ज करें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल में ठहरता है या किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है, तो इसकी सूचना बिना विलंब संबंधित थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

बैठक में होटल संचालकों को निर्देशित किया गया कि अप्रवासियों एवं बाहरी व्यक्तियों के ठहरने की जानकारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय पर पुलिस को उपलब्ध कराएं, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी बनी रहे। होटल संचालकों का सहयोग अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी होटल संचालकों से पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की।

इस बैठक में ष्ठह्रक्क अकलतरा श्री प्रदीप कुमार सोरी, ष्ठस्क्क अजाक सतरूपा तारम, ष्टस्क्क जांजगीर योगिताबाली खापर्डे सहित जिले के होटल, लॉज संचालक उपस्थित रहे।